

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 03 सितंबर 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-157 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 04 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संक्षेप

### चंगाई सभा की आड़ में धर्मांतरण, 5 गिरफ्तार

**सूरजपुर,3 सितंबर।** भटगांव थाना क्षेत्र के बुंदिया में पुलिस ने 5 लोगों को प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन के आरोप में गिरफ्तार किया है. आरोपियों के खिलाफ ग्रामीण रामानंद बरगाह ने थाने में शिकायत की थी उसे मंगल टोप्पो के घर में आयोजित चंगाई सभा में बुलाया गया. जहां उसे बिमारी ठीक करने और अन्य प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने की बात कही गई. रामानंद ने भटगांव थाना में दी गई शिकायत में बताया कि गांव के मंगल साय के घर में चंगाई सभा आयोजित की गई थी. जिसमें उसे भी बुलाया गया था. सभा के दौरान रामानंद के साथ पहुंचे लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए बिमारी ठीक करने और अन्य प्रलोभन दिया गया. शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की. पादरी समेत 5 आरोपियों को धर्मान्तरण के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायलय पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है.

### राजा भैया के खिलाफ चुनाव लडऩे वाले सपा नेता पर शिकंजा

**प्रयागराज ,3 सितंबर ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष और कुंडा के पूर्व चेयरमैन गुलशन यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। लंबे समय से फरार चल रहे गुलशन यादव पर अब प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (रष्ठत्र) ने इनाम की राशि 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी है। गुलशन यादव पर हत्या के प्रयास, रंगदारी और गैंगस्टर एक्ट जैसे 53 संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मानिकपुर थाना क्षेत्र के मऊदारा गांव निवासी गुलशन यादव पर 53 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई हो चुकी है, जिसके तहत जिला मजिस्ट्रेट ने उसकी संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था। इसी मामले में वह काफी दिनों से फरार चल रहा है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है, लेकिन अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है। पहले गुलशन यादव की गिरफ्तारी के लिए आईजी प्रयागराज ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। लेकिन उसकी गिरफ्तारी न हो पाने के कारण सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, संजीव गुप्ता ने इस राशि को दोगुना करते हुए एक लाख रुपये कर दिया। कुंडा कोतवाल अवन कुमार दीक्षित ने पुष्टि करते हुए बताया कि एडीजी जोन द्वारा गुलशन यादव की गिरफ्तारी पर अब एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

गौरतलब है कि गुलशन यादव तब सुर्खियों में आया था जब उसने कुंडा विधानसभा सीट से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था, हालांकि उसे हार का सामना करना पड़ा था।

## ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के वीरों का शाह ने किया सम्मान

रायपुर, 3 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और कोबरा के जवानों से नई दिल्ली में भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फ़ॉरेस्ट' में वीर जवानों द्वारा शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सुरक्षाबलों के जवानों को हृदय से बधाई दी। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान के इतिहास में 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा।अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े



न जाएँ या समाप्त न हो जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गर्मी, ऊँचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले के साथ अभियान को सफल बनाकर नक्सलियों का बेस कैंप समाप्त किया। उन्होंने कहा कि कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर बने नक्सलियों के मैटीरियल डंप और सप्लाई चेन को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने पराक्रम से नष्ट कर दिया।अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों ने देश के सबसे कम विकसित क्षेत्रों को बहुत नुकसान पहुँचाया है, स्कूल और अस्पताल बंद कर दिए और सरकारी योजनाओं को स्थानीय लोगों तक नहीं पहुँचने दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों के कारण पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक के क्षेत्र में साढ़े 6 करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है।उन्होंने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों में गंभीर शारीरिक क्षति उठाने वाले सुरक्षाबलों के जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए मोदी सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प है कि हम 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर देंगे।

## 9 महिला समेत 20 नक्सलियों किया आत्मसमर्पण

सुकमा,3 सितंबर

छत्तीसगढ़ के सुकमा में 33 लाख के ईनामी नक्सली समेत कुल 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है. सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 9 महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं, जिनमें 1 एसीएम, 4 पार्टी सदस्य और 15 अग्र संगठन सदस्य हैं. इनमें से एक पीएलजीए बटालियन (माओवादी संगठन) की सक्रीय हार्डकोर महिला नक्सली थी. इन सभी ने आज सुकमा पुलिस के पास जाकर आत्मसमर्पण किया है. बता दें, सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्चिंग ऑपरेशन के चलते नक्सलियों पर भारी दबाव बढ़ा है. इसके साथ ही सरकार द्वारा आत्मसमर्पिण करने वाले



नक्सलियों के लिए चलाए जा रहे पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित हो कर नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा को चुना है. आत्मसमर्पित में से 2 नक्सलियों पर ₹08-08 लाख के ईनाम घोषित थे. 1 नक्सली पर ₹05 लाख घोषित थे. 4 नक्सलियों पर ₹02-02 लाख और अन्य 4 नक्सलियों पर ₹01-01 लाख घोषित थे. इस तरह आज कुल ₹33 लाख ईनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है.

## रेरा के पूर्व अध्यक्ष पर सीबीआई का शिकंजा,गिरफ्तारी कभी भी

**रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज रिश्वत प्रकरण में जांच तेज, डॉ. कुंडु भी घिरे**

रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के पूर्व अध्यक्ष और सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी संजय शुक्ला तथा आंबेडकर अस्पताल के पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर (हड्डी रोग विशेषज्ञ) डॉ. अतिन कुंडु पर सीबीआई का शिकंजा कस गया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के लिए केंद्र और राज्य सरकार को पत्र भेजा है। माना जा रहा है कि स्वीकृति मिलते ही उनकी गिरफ्तारी तय है।

यह कार्रवाई रावतपुरा सरकार आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (SRIMSR) को मान्यता दिलाने और मेडिकल सीटें बढ़ाने के नाम पर रिश्वतखोरी से जुड़े हाईप्रोफाइल घोटाले में हो रही है। सीबीआई पहले ही इस मामले में 20,000 पन्नों का चालान विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश कर चुकी है। अब तक आठ आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है, जबकि देशभर के 35 लोगों पर आरोप तय हुए हैं। रायपुर और दिल्ली की सीबीआई टीमें इनकी भूमिका की जांच कर रही हैं। जांच में सामने आया है कि संजय शुक्ला और डॉ. अतिन कुंडु ने मेडिकल कॉलेज को मान्यता और सीट बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। शुक्ला फिलहाल रायपुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज के ट्रस्टी हैं, वहीं डॉ. कुंडु को आंबेडकर अस्पताल से हटाकर जगदलपुर अटैच किया जा चुका है।

सूत्रों के मुताबिक, दोनों अधिकारी गिरफ्तारी से बचने के लिए कानूनी सलाहकारों से राय-मशविरा कर रहे हैं और जल्द ही अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करने की तैयारी में हैं। सीबीआई की जांच में यह भी सामने आया है कि मेडिकल कॉलेज मान्यता घोटाले में अभी कई बड़े नामों का खुलासा होना बाकी है। एजेंसी का दावा है कि सभी दोषियों को बेनकाब कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## हेड कॉन्स्टेबल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मचा हड़कंप

**रायपुर,3 सितंबर।** राजधानी रायपुर में पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामआश्रा पोर्ते ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. बुधवार सुबह पुलिस लाइन परिसर स्थित सामुदायिक भवन के पास उनकी फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली. वह एमटीपी शाखा में वाहन चालक के पद पर कार्यरत थे. पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, प्रधान आरक्षक रामआश्रा पोर्ते पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था. प्रधान आरक्षक बीती 26 तारीख को लाइन में गैरहाजिर भी हुआ था. जिसके बाद आरक्षक का आमद नहीं लिया जा रहा था. घटना बुधवार सुबह की बताई जा रही है. पुलिसकर्मियों ने सामुदायिक भवन के पास प्रधान आरक्षक का शव लटकता देखा. तत्काल इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची और पंचनामा कार्रवाई शुरू की. शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है. वरिष्ठ अधिकारी पूरे मामले की बारीकी से छानबीन कर रहे हैं. हालांकि अभी यह साफ नहीं हो पाया है

## गणेश विसर्जन से लौट रहे ग्रामीणों को बोलेरो ने रौंदा, 3 लोगों की मौत

**जशपुर,3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ है. गणेश विसर्जन से लौट बड़ी संख्या में लौट रहे ग्रामीणों को तेज रफ्तार बोलेरो ने रौंद दिया. मौके पर चीख-पुकार मच गई. इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. वहीं दर्जनों लोग घायल हो गए हैं. घटना बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम जुरूड़ांड़ की है. जानकारी के मुताबिक, ग्राम जुरूड़ांड़ में लोग गणेश प्रतिमा को नाचते-गाते विसर्जित करने गए थे, लेकिन लौटने के दौरान पर्व की खुशियां मातम में बदल गई. तेज रफ्तार बोलेरो (CG 15 CR 1439) ने वापस घर लौट रहे ग्रामीणों को रौंद दिया. हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा,



लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी. इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई. वहीं 24 से अधिक लोग घायल हो गए, कुछ लोगों को गंभीर चोटें आई है. घायलों को बगीचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है. वहीं कुछ को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है. फिलहाल सभी का इलाज जारी है.

## पवन खेड़ा की पत्नी कोटा नीलिमा पर दो वोटर आईडी रखने का आरोप

**नई दिल्ली ,3 सितंबर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के बाद उनकी पत्नी कोटा नीलिमा दो वोटर आईडी को लेकर विवादों में आ गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया है कि तेलंगाना के खैरताबाद से चुनाव लडऩे वाली नीलिमा के पास दो सक्रिय मतदाता पहचान पत्र हैं। मालवीय ने चुनाव आयोग से इसकी जांच करने की मांग की है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर मतदाता सूची शेयर करते हुए आरोप लगाया कि कोटा नीलिमा का नाम खैरताबाद और नई दिल्ली, दोनों जगहों की वोटर लिस्ट में दर्ज है। उनके मुताबिक, नीलिमा ने 2023 में दाखिल शपथपत्र में अपने खैरताबाद स्थित ऐपिक नंबर टीजीजेड2666014 का उल्लेख किया था, जो 2025 तक भी सक्रिय है। यह ऐपिक 'गफ्फर खान कॉलोनी रोड नं. 10 पते पर पंजीकृत था, जो अब 'गौरी शंकर नगर वेलफेयर एसोसिएशन पते पर दर्ज है। इसके साथ ही मालवीय ने यह भी दावा किया कि कोटा नीलिमा के पास एक और एपिक नंबर (एसजेई0755975) है.

## पाक पीएम शहबाज शरीफ की फिर उड़ी खिल्ली

**मास्को,3 सितंबर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मियां शहबाज शरीफ इन दिनों चीन के दौरे पर हैं। वहां उनकी एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती हुई है। पाक पीएम को तब शर्मिंदगी झेलनी पड़ी, जब वह शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के शिखर सम्मेलन से इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक मीटिंग कर रहे थे। हुआ यूं कि इस बातचीत के दौरान शहबाज शरीफ बार-बार ईयर फोन लगाने की कोशिश करते दिखे, जबकि सामने बैठे रूसी राष्ट्रपति उन्हें इशारों में ईयर फोन लगाने के लिए बताते रहे। बड़ी बात ये है कि राष्ट्रपति पुतिन से सामने पाक पीएम की यह बेइज्जती दूसरी बार हुई है। तीन साल पहले जब उज्बेकिस्तान में दोनों नेता मिले थे, तब उस वक्त भी शहबाज शरीफ को इसी तरह के शर्मनाक वाकये का सामना करना पड़ा था। अब इस वाकये का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि शहबाज शरीफ



का ईयरफोन हेडसेट कानों में लगाने की कोशिश करने के बावजूद फिसलकर बार-बार गिर जा रहा है। इस दौरान पुतिन कुछ सेकंड तक जद्दोजहद करते शहबाज़ शरीफ को देखकर मुस्कुराते नजर आए। वैश्विक मंच पर शर्मिंदगी से बचने की कोशिश में, रूसी नेता ने पाकिस्तानी राष्ट्रपति को अपना ईयरफोन उठाकर दिखाया कि उसे कैसे लगाया जाता है।

## डैम टूटने से दो घर बहे, तीन की मौत

**बलरामपुर,3 ि सतंबर।** जिले के तातापानी पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित लुतिया डैम आधी रात में टूट गया जिसकी वजह से दो मकान पूरी तरीके से बाढ़ में बह गए, दोनों मकान में लोग सोए हुए थे, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई तो तीन लोग अब भी लापता हैं. घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है. बलरामपुर जिले के तातापानी पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित लुतिया डैम आधी रात में टूट गया जिसकी वजह से दो मकान पूरी तरीके से बाढ़ में बह गए, दोनों मकान में लोग सोए हुए थे, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई तो तीन लोग अब भी लापता हैं. घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है. लगातार तेज बारिश होने के कारण लुतिया डेम रात 10 बजे के करीब टूट गया. बताया गया है कि पहाड़ में तीज बारिश होने के कारण पहाड़ की झरने का पानी बांध में आ रहा था और उसके बाद बांध लबालब भर गया और देखते ही देखते पूरा बांध टूट गया लेकिन इस दौरान पहले से यहां पर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया था और न ही जल संसाधन



विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए थे। यही वजह है कि यहां पर ऊंचाई में मकान बनाकर रह रहे दो परिवार के लोग गहरी नींद में जब सोए हुए थे तब बांध के पानी की वजह से आने वाले बाढ़ में वे बह गए, घर का नामोनिशान मिट गया। रात 3 बजे के करीब कलेक्टर राजेंद्र कटारा और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और उन्होंने रेस्क्यू टीम के माध्यम से दो लोगों की लाश को मौके से बरामद किया. तीन लोगों को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. वहीं जब सुबह होने लगी तब एक व्यक्ति का और लाश मिला है, यानी अब तक कुल तीन लोगों का लाश बरामद किया जा चुका है वही बताया जा रहा है कि अभी तीन लोग लापता है और उनकी तलाश एसडीआरएफ की टीम के द्वारा किया जा रहा है. डैम फूटने से आई बाढ़ में कई मवेशी भी बह गए हैं. दूसरी तरफ स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से डेम में रिसाव हो रहा था, लेकिन इसके बाद भी जल संसाधन विभाग के अधिकारी इसका मरम्मत नहीं कर रहे थे जबकि इस साल लगातार पिछले दो महीना से अत्यधिक बारिश हो रही है .

## मराठा आरक्षण के खिलाफ ओबीसी दे रहे चेतावनी

**मुंबई,3 सितंबर।** अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके ने दावा किया कि महाराष्ट्र सरकार को मराठों को 'कुनबी' जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग स्वीकार करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ओबीसी समुदाय इस फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरेगा। इधर, राज्य सरकार के फैसले पर कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल पहले ही नाराजगी दर्ज करा चुके हैं। हाके ओबीसी समूह के तहत मराठों को आरक्षण दिए जाने का विरोध करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेताओं को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण को कम करना चाहते हैं। उन्होंने पहले मराठों को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण दिए जाने की मनोज जरांगे की मांग के खिलाफ आंदोलन किया था। देवेंद्र फडणवीस सरकार द्वारा पात्र मराठों को 'कुनबी' जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने सहित अधिकतर मांगों को स्वीकार किए जाने के बाद आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार शाम को मुंबई में अपना पांच दिन से जारी अनशन समाप्त कर दिया।



महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को मराठा समुदाय के सदस्यों को उनकी कुनबी विरासत के ऐतिहासिक साक्ष्यों के साथ कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की। कुनबी राज्य में एक पारंपरिक कृषक समुदाय है और उन्हें नौकरियों एवं शिक्षा में सरकारी आरक्षण का पात्र बनाने के लिए महाराष्ट्र में ओबीसी श्रेणी की सूची में शामिल किया गया है। सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग द्वारा जारी सरकारी आदेश (जीआर) में हैदराबाद राजपत्र को लागू करने का भी उल्लेख किया गया है। हाके ने जीआर और वंशावली दस्तावेज वाले पात्र मराठों को 'कुनबी' जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा किया कि सरकार को आरक्षण के संबंध में इस तरह का जीआर जारी करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि राजपत्र में यह नहीं लिखा है कि मराठा सामाजिक रूप से पिछड़े हैं और उन्हें आरक्षण दिया जाना चाहिए। कार्यकर्ता ने पूछा, 'कौन कहता है कि राजपत्र में दर्ज राजस्व रिकॉर्ड उन्हें आरक्षण के योग्य बनाते हैं?' उन्होंने कहा, 'हैदराबाद राजपत्र में बंजारा को अनुसूचित जनजाति बताया गया है। क्या सरकार बंजारों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण देगी? सरकार को एक मुद्दे को सुलझाने के लिए 10 और मुद्दे नहीं पैदा करने चाहिए। ओबीसी और वीजेएनटी (विमुक्त जाति और घुमंतू जनजातियां) अब सड़कों पर उतरेंगे।' उन्होंने कहा कि नेताओं को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे ओबीसी आरक्षण में कटौती को तैयार हैं।

## हिमाचल के मंडी में भूस्खलन, 7 की मौत

**मंडी ,03 सितंबर।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सुंदरनगर क्षेत्र में सोमवार देर शाम हुए भीषण भूस्खलन ने कहर बरपाया। जंगम बाग बीबीएमबी कॉलोनी में हुए इस हादसे में एक ही परिवार के 4 सदस्यों समेत 7 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, भूस्खलन की चपेट में गुरप्रीत सिंह उर्फ सोनू का घर आ गया, जिसमें वह अपने परिवार के साथ रहता था। हादसे के वक्त घर में गुरप्रीत, उसकी पत्नी भारती (30), ढाई साल की बेटी कीरत और मां सुरेंद्र कौर मौजूद थे। भारी बारिश के चलते घर के पीछे की पहाड़ी से आया मलबा पूरे मकान पर गिर गया, जिससे सभी लोग मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों और राहत दल ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। हादसे के एक घंटे के भीतर भारती और कीरत को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। रात करीब डेढ़ बजे गुरप्रीत का और सुबह पांच बजे उसकी मां सुरेंद्र कौर का शव मलबे से निकाला गया। मृतक गुरप्रीत सिंह सुंदरनगर में प्राइवेट बस चलाता था और बीबीएमबी कॉलोनी में ही परिवार के साथ रहता था। उसके भाई परमीत सिंह ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद मलबे के नीचे से काफी देर तक लोगों की चीख-पुकार सुनाई देती रही, लेकिन भारी मलबे के कारण बचाव कार्य में समय लग गया।

इस हादसे में बीबीएमबी कॉलोनी की शांति देवी का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। वह मकान में अकेली रहती थीं और भूस्खलन की चपेट में आने से उनकी भी मौत हो गई। हादसे के वक्त एक स्कूटी और टाटा सुमो गाड़ी भी उस क्षेत्र से गुजर रही थी। मलबे की चपेट में आने से स्कूटी सवार प्रकाश शर्मा, निवासी डढयाल, और गाड़ी में सवार राहुल, निवासी सुंदरनगर की भी जान चली गई।

रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान रात 11 बजे के करीब मलबे में एक गाड़ी का बंपर मिला, जिससे वाहन के दबे होने की आशंका जताई गई। सुबह 9:46 बजे राहत दल ने वाहन और उसके चालक का शव मलबे से बरामद किया।

# रणवीरपुर में नवीन उप तहसील का उदित मुनि नाम साहब और विधायक भावना बोहरा ने किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 1 सितंबर।** समृद्ध पंडरिया के निर्माण और क्षेत्रवासियों के जीवनशैली को सरल व सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आज ग्राम रणवीरपुर में उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ समरसता भवन में दामखेड़ा कबीर आश्रम के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब जी एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी, अधिकारी, कार्यकर्तागण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

विधायक भावना बोहरा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि रणवीरपुर में उप तहसील कार्यालय लिंक कोर्ट का शुभारंभ ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। जनता की इस मांग को देखते हुए हमने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के समक्ष रणवीरपुर में उप तहसील की मांग की थी जिसे पूरा करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जुलाई माह में आयोजित निःशुल्क बस सेवा शुभारंभ के अवसर पर वर्चुअल इसकी घोषणा कर रणवीरपुर की जनता को यह सौगात दी गई जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र



मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व वाली डबल इंजन भाजपा सरकार का उद्देश्य जनकल्याण और अधोसंरचना विकास है। हमारी भाजपा सरकार ग्रामीण अंचलों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और राजस्व सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्यरत हैं। उप तहसील भवन के माध्यम से अब क्षेत्रवासियों को अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए दूर दराज की तहसीलों में जाना नहीं पड़ेगा। यह कार्यालय जनसुविधाओं के विस्तार, पारदर्शी प्रशासन और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने में एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करेगा।उन्होंने आगे कहा कि अब रणवीरपुर में उप तहसील कार्यालय के शुभारंभ से किसानों व ग्रामीणों को खसरा/खतौनी की नकल, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका सहित विभिन्न राजस्व कार्यों के लिए अब बार-बार तहसील मुख्यालय जाना नहीं पड़ेगा। जमीन विवाद जैसे राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निपटान होगा। उप तहसील कार्यालय के शुभारंभ से किसानों व ग्रामीणों के समय व संसाधन दोनों की बचत भी होगी। भाजपा सरकार की नीति केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों की जनभावनाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का एक ठोस प्रयास है। रणवीरपुर उप तहसील के शुभारंभ से न केवल प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी बल्कि आसपास के गाँवों के लोग भी अपने अधिकारों और सेवाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।भावना बोहरा ने आगे कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना और ग्रामीण अंचलों को भी शहरी क्षेत्रों की तरह सशक्त, शिक्षित और समृद्ध बनाना ही हमारी प्राथमिकता है। इस उद्देश्य के लिए मैं निरंतर कार्य कर रही हूं। ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास÷ से आज पंडरिया विधानसभा क्षेत्र विकास की स्वर्णिम गाथा लिख रही है। आप सभी का विश्वास और अपनत्व मुझे सदैव प्राप्त हो रहा है जो मुझे जनसेवा के लिए नित नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। आप सभी के उत्साह और उमंग को देखकर मैं कह सकती हूं हम सब मिलकर विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ के साथ समृद्ध पंडरिया का निर्माण करेंगे।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय अधिकारियों ने किया उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



**दुर्ग, 3 सितम्बर ।** खरीफ 2025 में जिले के कृषकों के मांग अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा- उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में उर्वरकों की सतत् आपूर्ति हेतु जिले के विक्रय प्रतिष्ठानों का 02 सितम्बर 2025 को राज्य स्तर से अपर संचालक कृषि श्री आर.के.चंद्रवंशी एवं संयुक्त संचालक कृषि श्रीमती गोपिका गबेल, जिले के भ्रमण पर रहे। भ्रमण के दौरान जिले में पदस्थ समस्त उर्वरक निरीक्षकों को विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण करने एवं अनियमितताएं पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।अपर संचालक कृषि श्री आर.के.चंद्रवंशी एवं संयुक्त संचालक कृषि श्रीमती गोपिका गबेल एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा विकासखण्ड-दुर्ग के सेवा सहकारी समिति अण्डा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत पीओएस स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर पाये जाने के कारण उक्त संस्थानों को कारण बताओं नोटिस जारी कर समाधानकारक जवाब 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया।

### डेढ़ किलो गांजा सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 3 सितंबर।** भिलाई कुम्हारी थाने पुलिस ने गांजा रखने के आरोप में मध्यप्रदेश के एक युवक को पकड़ा पुलिस ने आरोपी के कब्जे से डेढ़ किलो से ज्यादा बरामद हुआ इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है कुम्हारी प्रभारी योगेश्वर वर्माने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक युवक पालीथिन में गांजा छुपाकर जा रहा है सूचना की तस्दीक करने एक टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया, जहां रायपुर से दुर्ग रोड डीएमसी गेट के पास मुखबीर के बताए हुलिए जैसा युवक नजर आया संदेही को रोककर मौके पर तलाशी ली गई। उसके पास एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला के अंदर गांजा मिला वजन कराने पर 1.698 किग्रा निकला पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शनि सपेरा पिता बाबूलाल सपेरा (24 साल) निवासी ग्राम कंचनपुर, जिला गुना (एमपी) का निवासी बताया पुलिस ने उसे पकड़कर थाना लाया गया, जहां उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है।

### चाकू से डरा रहा था,पकड़ा गया

**भिलाई, 3 सितंबर।** भिलाई देशी शराब भट्ठी सिविक सेंटर में चाकू दिखाकर धमकाने वाले एक युवक को भिलाईनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक स्टील का चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि थाना भिलाई नगर पुलिस को देशी शराब भट्ठी सिविक सेंटर के पास सार्वजनिक स्थान पर खुले आम लोगों में दहशत बनाने के लिए एक व्यक्ति हथियार लहराकर डराने धमकाने की सूचना पर पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम विक्रम उर्फ विक्की निवासी उड़िया बस्ती वार्ड क्रमांक 28 क्वाटर नबंर 05 सेक्टर - 5 बताया आरोपी के कब्जे से एक स्टील का चाकू को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

## राधा-कृष्ण मंदिर में श्रीराम रसोई के नए केंद्र का उद्घाटन सांसद विजय बघेल ने किया

भिलाई, 3 सितंबर। श्री राधा कृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी द्वारा संचालित शुद्ध भोजन श्री राम रसोई का नया केंद्र सेक्टर-4 दुर्गा मंदिर परिसर, बोरीया गेट परिवार में सांसद विजय बघेल के हाथों पूजा-अर्चना के साथ विधिवत उद्घाटित हुआ। कार्यक्रम में चतुर्भुज राठी, कृष्ण कुमार, रामफल शर्मा, ललित मेक्सरियार, राजू फोफलिया, मनोज बाघेला, बाबू जैन, श्याम तिवारी, शरद राठी, सुखदेव राठी, मनोज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। आयोजक चतुर्भुज राठी ने बताया कि राम रसोई की शुरुआत 15 जून से हुई थी। प्रारंभ में 6 केंद्रों से शुरू हुई यह सेवा अब 20 केंद्रों तक पहुँच



चुकी है। इनमें 12 दुर्ग, 4 राजनांदगांव, 2 गुंडरदेही, 1 भिलाई पावर हाउस और नया सेक्टर-4 केंद्र शामिल है। अब तक लगभग 8 लाख लोग राम रसोई से भोजन कर चुके हैं। प्रतिदिन औसतन 3500 लोगों का भोजन तैयार किया जाता है। साथ ही टिफिन सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके लिए मात्र 10 रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। यहां हर व्यक्ति चप्पल उतारकर भोजन को भगवान का प्रसाद मानकर ग्रहण करता है। सांसद विजय बघेल ने स्वयं भोजन परोसा और भोजन ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि जन सेवा की यह पवित्र पहल पुण्य भूमि से प्रारंभ हुई है। मुफ्त भोजन की कद्र नहीं होती, इसलिए 20 रुपये में भरपेट शुद्ध भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसे भगवान राम का प्रसाद मानकर ग्रहण करना चाहिए। इस सेवा कार्य को अल्प समय में व्यापक स्तर पर संचालित करने वाली पूरी टीम बधाई की पात्र है। इस अवसर पर करुणा निधि, वर्षा मुदलियार, पार्वती साहू, कोमल जांगड़े, जानकी टंडन, आशा मुदलियार, आकाश कुमार, बबली भैय्या, बहादुर लाल, मनजीत सिंह, आजुराम देवांगन, उज्जवल दत्ता, अंबादास गोडेगे, राजेश चौधरी, राजुराम जैनिक राव, प्रसाद यादव, मोहम्मद साजिद, राजेंद्र वर्मा, ईश्वरी नेताम, वंश बहादुर, राजकुमार, सुरेंद्र वर्मा, अंजय दुबे, आशीष चौधरी, नर्सिंग भूतड़ा, शकुंतला राव सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दुर्ग-सुलतानपुर के बीच चलेगी फेस्टिवल एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन

**भिलाई, 3 सितम्बर।** त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने दुर्ग-सुल्तानपुर-दुर्ग के मध्य फेस्टिवल एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह गाड़ी कुल 12 फेरे लगाएगी। यह गाड़ी दुर्ग से 08763 नंम्बर के साथ प्रत्येक शनिवार को 13 सितम्बर से 29 नवम्बर तक तथा सुलतानपुर से 08764 नम्बर के साथ प्रत्येक रविवार को 14 सितम्बर से 30 नवम्बर तक फेस्टिवल एक्सप्रेस स्पेशल चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 3 एसएलआर, 04 स्लीपर, 08 एसी थ्री, 01 एसी टू, 02 एसी टू कम एसी थ्री, 02 पवाएरकार सहित कुल 20 कोच रहेगी ।



### संगमरमर के दाने पर बनाई भगवान गणेश की अद्भुत प्रतिमा

**भिलाई, 3 सितंबर।** सूक्ष्मकला के जादूगर डॉ. अंकुश देवांगन ने संगमरमर के चने के दाने जितने छोटे पत्थर पर भगवान श्री गणेश की अद्भुत प्रतिमा तैयार की है। विशेषता यह है कि यह प्रतिमा उन्होंने अपनी उंगली के नाखून पर स्थापित की है। इसमें भगवान गणेश को महाभारत की गाथा लिखते हुए दर्शाया गया है। प्रतिमा में सूक्ष्मता के बावजूद सभी अवयव स्पष्ट दिखाई देते हैं। भगवान गणेश की आंखें, सूंड, हाथों में कलम और मोदक, साथ ही गोदी में महाभारत की पुस्तक भी बारीकी से उकेरी गई है। इसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठते हैं। डॉ. अंकुश देवांगन ने बताया कि वे बड़ी-बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन से होने वाले जल प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसी सूक्ष्म मूर्तियां बनाते हैं।

## भिलाई के 17 तालाबों में मूर्ति विसर्जन पर रोक, बनाए जाएंगे विशेष कुंड

**भिलाई, 3 सितंबर।** नगर निगम ने शहर के 17 तालाबों में मूर्ति विसर्जन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के लिए अलग से विसर्जन कुण्ड तैयार किए जाएं, ताकि तालाबों की स्वच्छता और जल गुणवत्ता प्रभावित न हो। त्यौहारी सीजन को देखते हुए निगम आयुक्त ने रामनगर मुक्तिधाम तालाब एवं कुरूद बस्ती नाले की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त येशा लहरे ने मंगलवार को जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत रामनगर मुक्तिधाम तालाब एवं कुरूद बस्ती नाले की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। पता चला




कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के समय लोग पूजा सामग्री और मूर्तियां तालाबों में डाल देते हैं, जिससे पानी गंदा होने के साथ किनारों पर कचरा भी जमा हो जाता है। इस समस्या से निपटने के लिए सभी प्रतिबंधित तालाबों के गेट पर बैनर और पोस्टर लगाए जाएंगे। जिन तालाबों में विसर्जन प्रतिबंधित किया गया है उनमें आला बंध तालाब खम्हरिया, स्मृति नगर तालाब, आमा तालाब, लिम्हा तालाब, भेलवा तालाब। वार्ड 22 शीतला तालाब, ढौर तालाब, बड़ा तालाब, घासीदास नगर तालाब, वार्ड 16 शीतला तालाब। वार्ड 55 सेक्टर-2 तालाब, वार्ड 32 बैकुंठ धाम तालाब। वार्ड 50 बाबा बालक नाथ सरोवर, वार्ड 43 बापू नगर तालाब, वार्ड 41 लक्ष्मण नगर तालाब एवं वार्ड 69 मानव परिसर तालाब, वार्ड 66 सेक्टर-07 शिवधाम तालाब शामिल हैं। निगम प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे केवल निगम द्वारा बनाए गए विसर्जन कुण्डों का ही उपयोग करें और पूजा सामग्री को तालाबों में न डालें। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन जामुल प्रतिनिधि दल ने सूरत में कचरा संग्रहण का अवलोकन किया

**जामुल।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 54 नगर पालिका अध्यक्षों और सीएमओ का तीन दिवसीय अध्ययन सहभ्रमण सुरत (गुजरात) में आयोजित किया गया। इसमें जामुल नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर और मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीमा बक्शी शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने सूरत नगर निगम की ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की बेहतर व्यवस्था का अवलोकन किया। गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में जामुल नगर पालिका ने 183 स्थान की छलांग लगाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 83वां स्थान प्राप्त किया है। अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि सूरत नगर निगम स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर के लिए मॉडल है। वहीं सीएमओ बक्शी ने बताया कि वहां से मिले अनुभवों को जामुल में लागू किया जाएगा ताकि नगर पालिका और अधिक स्वच्छ व विकसित बन सके।

## नाली पर किया अवैध अतिक्रमण निगम ने हटाया



**भिलाई, 3 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई ने वार्ड क्रमांक 22 कुरूद ढांचा भवन रोड में नाली पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने प्रातः निरीक्षण के दौरान पाया कि यहां बाबा स्वीट्स द्वारा नाली के ऊपर कब्जा कर लिया गया था। इसके कारण पानी का बहाव रुक गया था और सड़क पर जलभराव की स्थिति बन रही थी। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज कराई थी। प्राप्त शिकायत एवं आयुक्त के निर्देश पर जोन-02 वैशाली नगर के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। निगम दल ने जे.सी.बी. मशीन से अवैध निर्माण को तोड़कर हटाया और जाम नाली की सफाई कर पानी निकासी की व्यवस्था बहाल की। इस कार्रवाई के दौरान जोन-02 के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## गणेश उत्सव में हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आनंद लोगों ने देर रात तक उठाया

**भिलाई, 3 सितंबर।** जनकल्याण समिति द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष भानुजी राव, एस.डी. नायक, सुधाकरन सहित आयोजन समिति के सदस्य और मुक्तकंठ साहित्य समिति के कविगण उपस्थित रहे। गणेश उत्सव के तहत आयोजित हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन में इस्पात नगर के रहवासियों ने देर रात तक



कविताओं का आनंद लिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक (सीआईडी) एवं मुक्तकंठ साहित्य समिति के महासचिव कवि नरेंद्र कुमार सिक्केवाल रहे। हास्य व्यंग्य के कवि भीखम सिंह हंगामा, कवयित्री शीशलता शालू, कवि संतोष जाटव सहित कई रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को खूब हंसाया और विचार करने पर मजबूर किया। संचालन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हास्य-व्यंग्य कवि एवं मुक्तकंठ साहित्य समिति के गोविंद पाल ने किया। उन्होंने हास्य कविताओं के साथ-साथ राष्ट्रवादी और सनातनी रचनाओं से भी शमा बांधे रखा। कवि सम्मेलन की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब मुख्य अतिथि नरेंद्र सिक्केवाल की मार्मिक कविताएं प्रस्तुत हुईं, तो कई महिलाएं अपनी भावनाएं रोक नहीं पाईं और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े।

## बिल्हा, हथबंद और देवबलोदा चरोदा स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से यात्रियों में खुशी

**भिलाई, 3 सितंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायपुर रेल मंडल के बिल्हा, हथबंद और देवबलोदा चरोदा स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव शुरू कर दिया है। इस निर्णय से स्थानीय यात्रियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। हथबंद की समाज सेविका एवं न्यू छत्तीसगढ़ स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अखिलेश्वरी शुक्ला ने दैनिक यात्रियों की ओर से मंडल रेल प्रबंधक से भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी भी उपस्थित रहे। श्रीमती शुक्ला ने कहा कि ठहराव मिलने से



आवागमन में आसानी होगी, समय की बचत होगी और नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों व व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। 1 सितंबर को पहली बार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के हथबंद स्टेशन पर रुकने पर स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने रेलवे प्रशासन का गर्मजोशी से स्वागत किया। लोगों ने बताया कि इस निर्णय से शिक्षा, रोजगार और व्यापार से जुड़े यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। जिन स्टेशनों पर ठहराव की सुविधा दी गयी है उनमें, बिल्हा स्टेशन - बिलासपुर नागपुर इंटरसिटी, सारनाथ, शालीमार एवं शिवनाथ एक्सप्रेस, हथबंद स्टेशन - छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, देवबलोदा चरोदा स्टेशन - एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन के इस कदम को जनहित में लिया गया सराहनीय निर्णय बताया है।

## महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ने की अनूठी पहल

**दुर्ग, 3 सितम्बर।** ''महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ने'' के उद्देश्य से जिला इनक्यूबेशन हब में एक दिवसीय बेसलाइन स्टडी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दुर्ग प्रशासन, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज इनक्यूब फाउंडेशन तथा कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस विशेष आयोजन में स्थानीय महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। लगभग 80 महिलाएँ की 8 स्व-सहायता समूहों तथा 12 व्यक्तिगत महिला उद्यमियों ने पूरे दिन गहन संवाद और विचार-विमर्श में हिस्सा लिया। इस संवाद का उद्देश्य महिलाओं की वास्तविक चुनौतियों, जमीनी हकीकतों और उनके सामने आने वाली उद्यमशील कठिनाइयों को समझना तथा उन्हें अवसरों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करना था।

## यूथ सिख सेवा समिति ने छात्रों को दी छात्रवृत्ति

**भिलाई, 3 सितंबर।** यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में लगातार जरूरतमंद एवं बेसहारों के सेवा तत्परता से की जा रही है। आर्थिक कमजोर विद्यार्थियों की शिक्षा में भी समिति आगे आकर सहयोग कर रही है। इसी कड़ी में समिति ने दो बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की। समिति ने गुरु नानक स्कूल सेक्टर-6 में कक्षा 9 में अध्ययनरत एक छात्र को राहत पहुंचाई। छात्र की पिछले वर्ष की फीस बाकी थी और इस वर्ष की पूरी फीस भी जमा नहीं हो सकी थी। कुल 17 हजार 723 की राशि का चेक समिति ने छात्र के परिजनों को



सौंपा। इस सहयोग से छात्र की पढ़ाई बिना किसी रुकावट के जारी रह सकेगी। इसी तरह सरस्वती ज्ञान मंदिर कैंप-2 के एक अन्य छात्र, जिसने दो वर्ष पूर्व 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी, फीस न भर पाने के कारण स्कूल से ट्रांसफर सर्टिफिकेट नहीं ले पाया था। अब कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए उसे टीसी की आवश्यकता थी। समिति से मिले छात्रवृत्ति फॉर्म के माध्यम से छात्र ने मदद की गुहार लगाई। समिति ने उसकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए 25 हजार रुपयों की सहायता राशि का चेक प्रदान किया, जिससे अब उसका कॉलेज में दाखिला संभव हो सकेगा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और आर्थिक तंगी इसके आड़े नहीं आनी चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समिति आगे भी ऐसे जरूरतमंद बच्चों की मदद करती रहेगी। कार्यक्रम में महासचिव जसवंत सिंह सेनी, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष हरनेक सिंह सैनी, सचिव सोम सिंह तथा खेलकूद समिति से हरजिंदर सिंह और यश सिंह उपस्थित रहे।

## हरियाली के लिए महिला स्व-सहायता समूहों को दिया पौधे लगाने का प्रशिक्षण

**भिलाई, 3 सितंबर।** केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 पहल के तहत वूमन फार ट्री योजना अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्र में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 12,500 पौधों का रोपण व रखरखाव कराया जा रहा है। नगर निगम भिलाई द्वारा इस योजना के अंतर्गत 40 उद्यानों में वृक्षारोपण के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत वृक्षारोपण का कार्य पूरा हो चुका है। शेष 40 प्रतिशत वृक्षारोपण के लिए निगम सभागार में महिला स्व-सहायता




समूहों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पौधों की प्रजाति चयन, दूरी, पानी व खाद का उपयोग, निंदाई-गुड़ाई और पौधों की सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही, संभावित समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उपअभियंता श्वेता महेश्वर, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, लिपिक त्रिवेणी देशपांडे, प्रोसेस सर्वर गोपाल यादव और सुपरवाइजर दीपक गुप्ता उपस्थित रहे।

एक नजर

## आपदा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम खैरा निवासी मनीराम रात्रे पिता मयाराम की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पुत्र प्रहलाद रात्रे पिता मनीराम रात्रे को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

## अवैध महुआ शराब बेचने वाला कोचिया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार-भाटापारा, 3 सितंबर।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम डोटोपार में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब की बिक्री करते हुए हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?2000 कीमत मूल्य का 10 लीटर हांथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- उबारन भारती उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम डोटोपार थाना सिटी कोतवाली।

## 77 स्थायी वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 3 सितंबर।** माह अगस्त-2025 में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर, रेंज रायपुर के निर्देश पर जिले में स्थाई वारंट की तामीली के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में स्थाई वारंट तामीली के लिए चलाए गए इस अभियान में सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना-चौकी प्रभारी व उनकी टीम ने कुल 77 स्थाई वारंट तामिल किया। पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम थाना एवं चौकी स्तर पर फरार वारंटियों के रहने छुपने एवं आजीविका के साधनों का गोपनीय रूप से तस्दीक कर पतासाजी किया गया तथा इन वारंटियों की जानकारी सूचीबद्ध करते हुए इन्हें पकड़ने की योजना बनाई गई। सांथ ही लम्बे समय से फरार वारंटियों के लुकछिप कर रहने की जानकारी मिलने के आधार पर, उन्हें पकड़ने की पुख्ता योजना बनाई गई। कई शातिर आरोपी जिले के अपराध में संलग्न होने से न्यायालय द्वारा वारंट जारी किये जाने पर पहचान छिपाकर सीमावर्ती जिलों में रहने लगे थे। इस अभियान में सर्वाधिक 20 स्थाई वारंट थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार द्वारा तामिल की गई। इसके अलावा थाना भाटापारा शहर द्वारा 15, थाना सिमगा 12, थाना भाटापारा ग्रामीण 09, थाना लवन 09, थाना पलारी 05, थाना गिधपुरी 02, थाना राजादेवरी, चौकी बया, कसडोल, गिधौरी एवं चौकी गिरोदपुरी द्वारा 01-01 कुल 77 स्थाई वारंट तामिल किया है। विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा एनडीपीएस के प्रकरण, महिला उत्पीड़न, संपत्ति संबंधी अपराध एवं कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों के स्थाई वारंटी तामिल किए गए है। अभियान में पुलिस टीम द्वारा स्थाई वारंटियों को मथुरा उत्तर प्रदेश, नागपुर महाराष्ट्र आदि दीगर प्रांतो से भी पकड़ कर तामिल किया गया है।

## बुजुर्गों, दिव्यांगों के पंजीयन के लिए 4 सितंबर को शिविर

**तिल्दा नेवरा, 3 सितंबर।** तिल्दा नेवरा ''जनपद पंचायत तिल्दा एवं नगर पालिका परिसद तिल्दा नेवरा के अंतर्गत निवास करने वाले लोगो के लिए अंबेडकर भवन सासा होली में दिनांक 04 -09 -2025 को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत वृद्धजनों एवं दिव्यांग जनो को आवश्यक उपकरण प्रदाय हेतु निःशुल्क पंजीकरण किया जायेगा भारत सरकार की ADIP एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।शिविर स्थल पर आधार कार्ड ,आयुष्मान कार्ड ,दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाया जायेगा ,अतः आम जनता से अनुरोध है की उपरोक्त समय में कृपया आवश्यक दस्तावेज़ साथ लाएं और इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाये तथा इस जनकल्याणकारी योजना का जानकारी लोगों तक पहुँचाये और पात्र लाभार्थियों को जरूर सूचित करें।

# स्वास्थ्य, शिक्षा सहित जिले के विकास में हो डीएमएफ की राशि का उपयोग

### दिशा समिति और डीएमएफके शासी समिति की बैठक संपन्न




**रायपुर, 3 सितंबर।** जिला खनिज संस्थान न्यास और जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज जिला कार्यालय कोंडागांव के सभाकक्ष में संपन्न हुई, जिसमें बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप, कांकेर सांसद श्री भोजराज नाग, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी और विभिन्न जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में डी एम एफकी राशि का समुचित उपयोग जिले के निवासियों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सहित क्षेत्र के विकास कार्य में व्यय पर जोर दिया गया। वहीं किसानों को उचित मूल्य पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार सहित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि जिले में स्कूल आंगनबाड़ी भवन के मरम्मत या नए भवनों के कार्यों को प्राथमिकता दें। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शीघ्र सभी विभागों से प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही आदि कर्म योगी अभियान के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान के तहत राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किया जा रहा है, जो कि तीन माह तक चलेगा। सांसद श्री भोजराज नाग ने कहा कि डीएमएम की राशि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें। दुरूपयोग न हो जिले के शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सदुपयोग करें। कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का समुचित उपयोग के निर्देश दिए। किसानों को नर्सरी विकसित करने हेतु प्रशिक्षण दिलाएं। केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा दौरान कहा कि आवास निर्माण में प्रगति लाने जनप्रतिनिधि भी आगे आएं। साथ माओवाद पीड़ित और प्रभावितों के लिए स्वीकृत आवासों को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं।

बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि किसानों को खाद उचित मूल्य पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करें। जिले में जल जीवन मिशन के प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता लाएं और गांव के शत प्रतिशत घरों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय आयुष मिशन और राज्यों में क्षमता निर्माण विषय पर नई दिल्ली में दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का आयोजन

**रायपुर, 3 सितम्बर।** आयुष मंत्रालय 3 और 4 सितम्बर को राजधानी दिल्ली के सरिता विहार स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय आयुष मिशन और राज्यों में क्षमता निर्माण' विषयक विभागीय शिखर सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव करेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आयुष क्षेत्र की नीतियों, योजनाओं और अनुभवों पर साझा मंच प्रदान करना है। इसमें जमीनी स्तर के सुझावों से लेकर भविष्य की रणनीतियों पर गहन चर्चा की जाएगी। इस पहल के जरिए राष्ट्रीय आयुष मिशन को और प्रभावी व व्यापक बनाने पर जोर दिया जाएगा।

शिखर सम्मेलन में चौथे मुख्य सचिव स्तरीय सत्र को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरस्थ नेतृत्व में संबोधित किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री आयुष क्षेत्र की भावी दिशा और महत्वाकांक्षी योजनाओं पर अपने विचार रखेंगे। इस सम्मेलन में आयुष व आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एकीकरण, जनस्वास्थ्य कार्यक्रम, औषधीय पौधों का संवर्द्धन, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा के विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र होंगे। 'आयुष का आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एकीकरण' उप विषय पर छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, ओडिशा, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश को शामिल कर कार्य समूह का गठन होगा।

## विशिष्ट मामलों में टेक्निकल साक्ष्य जुटाएं : एसपी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 3 सितंबर।** 02.09.2025 को दोपहर 02:00 बजे से पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा साइबर सेल बलौदाबाजार की समीक्षा बैठक लिया गया। इस दौरान उनके द्वारा गंभीर, संदेहास्पद एवं विशिष्ट मामलों में अनिवार्य रूप से एवं अधिक से अधिक टेक्निकल साक्ष्य का संग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि गंभीर मामलों में टेक्निकल साक्ष्य का संग्रहण अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इसलिए अधिक से अधिक प्रयास करें। गंभीर मामलों में मोबाइल कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज, आरोपियों के मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि में दर्ज विभिन्न प्रकार की जानकारियां आरोपी को सजा दिलाने में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सहायक सिध्द होती है, इसलिए गंभीर मामलों में इनका संग्रहण आवश्यक रूप से करें। इसके साथ ही जिले में सुखे नशे के अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की पहचान कर उनकी घरपकड़ कार्यवाही भी सुनिश्चित करने हेतु हिदायत दिया गया। श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा नशे की गोलियां, नशीले टैबलेट की बिक्री करने वाले आरोपियों की पहचान कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार करने हेतु आवश्यक रूप से निर्देश दिया गया। बैठक में उनके द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में गिरफ्तार



आरोपियों, चोरी नकबजनी आदि घटनाओं को अंजाम देने वाले लोगों की गतिविधियों पर सतत निगाह रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक सिंह, निरीक्षक प्रणाली वैद्य प्रभारी साइबर सेल एवं साइबर सेल के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# मल्लखंभ प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों को मिला दूसरा स्थान

### दो खिलाडी नेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयनित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर।** जिले के मल्लखम्भ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं दो खिलाडी दुष्यंत घृतलहरे और अनाया ठाकुर का चयन उज्जैन में होने वाली राष्ट्रीय मल्लखंभ चैंपियनशिप के लिए हुआ है। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को गुलदस्ता देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।




25 वीं राज्य स्तरीय मल्लखंभ प्रतियोगिता कोंडागांव, नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में 28 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में शासकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बलौदाबाजार के खिलाड़ियों ने रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम चैम्पियनशिप में दूसरा स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया।दुष्यंत और अनाया ने व्यक्तिगत वर्ग में तृतीय स्थान हासिल कर ब्रॉनज मेडल जीता।टीम चैंपियनशिप में रायपुर संभाग ने बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान और बालक वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।आल राउंड चैंपियनशीप मे भी अनाया और दुष्यंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।रायपुर संभाग से चयनित 6 खिलाड़ियों में अनाया ठाकुर, अंजली यादव, दुष्यंत घृतलहरे, हरिओम ढीही, नरेश गेंद्रे और अभिषेक कोसरिया शामिल थे।

## छग राज्य बाल कल्याण परिषद की वार्षिक आमसभा 11 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की वार्षिक आमसभा आगामी 11 सितंबर को दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी। यह बैठक परिषद के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में वीमतार स्वदेशी भवन के पास, मधुपिले चौक, शांति नगर रायपुर स्थित कार्यालय में होगी। बाल कल्याण परिषद के संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम ने बताया कि बैठक में वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन, पूर्व वित्तीय वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट, आगामी वर्ष हेतु अनुमानित बजट का अनुमोदन तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट की नियुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। सभा में परिषद द्वारा संचालित संस्थानों की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही, आगामी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श होगा।

# एनएसयूआई ने किया विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एस.यू.आई के प्रदेश सचिव श्री कुणाल दुबे के नेतृत्व में आज रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत पुरेना विद्युत विभाग के कार्यालय के बाहर नगाड़ा बजाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन वार्ड क्रमांक 49, 50 और 52 की जनता को हो रही गंभीर बिजली समस्याओं के विरोध में आयोजित किया गया। इन वार्डों में लगातार हो रही अनावश्यक बिजली कटौती, शिकायत दर्ज कराने के लिए उपलब्ध नंबरों पर कॉल नहीं उठाना, तथा ट्रांसफार्मर पैनल के




गेट खुले रहना जैसे गंभीर मुद्दों ने आम जनता की दैनिक ज़िंदगी को बुरी तरह प्रभावित किया है।

श्री कुणाल दुबे ने कहा कि यह ना केवल प्रशासनिक लापरवाही का संकेत है, बल्कि जनभावनाओं की उपेक्षा भी है।

वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध: प्रदर्शनकारियों ने एक वीडियो क्लिप भी प्रस्तुत की है, जिसमें यह स्पष्ट रूप से देखा और सुना जा सकता है कि आधी रात को जब शिकायत नंबर पर कॉल किया गया, तो विभागीय अधिकारी गहरी नींद में सोते पाए गए, और दफ्तर के अंदर लगातार फ़ोन की घंटी बजती रही, लेकिन किसी ने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा।

एन.एस.यू.आई ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो यह विरोध और अधिक व्यापक रूप लेगा और विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव मोनू तिवारी जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान , संस्कार पांडे, तनिष्क मिश्रा , सहित ग्रामीण विधानसभा के नागरिक उपस्थित रहे।

# लोककला एवं संस्कृति के क्षेत्र में सतत् सेवा के लिए डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 3 सितंबर।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सामाजिक संस्था के स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह अवसर पर कला एवं संस्कृति के संरक्षण संवर्धन में सतत सेवा देने वाले रंग मंच अभिनेता लोक गायक डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर को रायपुर लोकसभा के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी, रायपुर के महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी, अध्यक्ष श्रीमती सुषमा ध्रुव तिवारी, स्नेह लता पाठक जी, समाजसेवीका श्रीमती आभा मिश्रा, के कर कमलों से सम्मानित किया गया।




डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर नगर 45 वर्षों से छत्तीसगढ़ के लोक कला संस्कृति को देश भर के विभिन्न मंचों पर बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुति देते आ रहे हैं समय-समय पर अभिनय नाट्य कला का प्रशिक्षण कार्यशाला लगाकर नवोदित कलाकारों को मंच में लाने का उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा एससीईआरटी के कक्षा 1 से आठवीं तक कला शिक्षा के स्कूली पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति लोकगीत, लोक खेल, लोक कलाकार, छत्तीसगढ़ी कलेवा छत्तीसगढ़ी गाना, सुवा, करमा, ददरिया, पंडवानी, पंथी, भरथरी, भोजली, राउत नाचा, नाचा-गम्मत, छत्तीसगढ़ी तीज त्यौहार को पाठ्यक्रम में शामिल करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# एकलव्य विद्यालय के कार्यों में लाएं तेजी,नियमित करें निरीक्षण:कलेक्टर

**मोहला 3 सितम्बर 2025।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविर की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मासिक लक्ष्य निर्धारण कर प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराए एवं वार्षिक लक्ष्य पूरी करें। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने एकलव्य विद्यालय के निर्माण प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारी को निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने हेतु ठेकेदार से चर्चा कर कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं नियमित अंतराल में कार्यों के निरीक्षण के निर्देश दिए। इसी प्रकार समग्र शिक्षा अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी लेते हुए आरईएस कार्यों को पूर्ण करने एवं अपडेट के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी जनपद सीईओ को जिले के जर्जर ग्राम पंचायतों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। सीजीएमएससी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की पूर्ण-अपूर्ण कार्यों की सूची तैयार करने के दिए निर्देश।

# बांस करील और पिका का अवैध परिवहन करते युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार द्वारा अवैध बांस करील एवं पिका परिवहन के मामले में तेज़ और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बांस करील और पिका के अवैध परिवहन पर कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी रूपेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में महराजी



सर्कल के वन कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिकों द्वारा की गई नियमित गश्त के दौरान प्रवीण कुमार पटेल पिता भनेश राम पटेल, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम गिरौदपुरी, को मोटरसाइकिल (होंडा साइन, क्रमांक छ्त22 ,स्र 8094) में बांस करील एवं बांस पिका का अवैध रूप से परिवहन करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।मौके पर ही वाहन एवं अवैध सामग्री को जप्त कर पी.ओ.आर. दर्ज की गई। बरामद नासवान बांस करील एवं पिका को नियमानुसार गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया। आगे की विभागीय कार्यवाही प्रचलित है।

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा है कि वन संपदा की अवैध कटाई एवं परिवहन पर्यावरण और जंगलों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। वन विभाग लगातार जंगल एवं वन उत्पादों के अवैध कटाई एवं परिवहन पर नज़र बनाए हुए है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर वन संपदा की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आम जनता एवं ग्रामीणों से अपील किया है कि किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें ताकि सामूहिक प्रयास से वनों की रक्षा हो सके।

# योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाएं : कलेक्टर

### आदि कर्मयोगी अभियान : मास्टर ट्रैनर एवं स्वयंसेवकों को निर्धारित प्रशिक्षण देने के निर्देश

**बलौदाबाजार 3 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत विभागीय योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार सभी हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को कर्मयोगी बनकर कार्य संपादन करने शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पखवाड़ा चलेगा जिसमें जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांव में योजनाओं का संतृप्तिकरण कर लोगों को लाभ पहुंचाया जयेगा। उन्होने अभियान के पूर्व विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रैनर एवं स्वयं सेवकों को समय पर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। आदि कर्मयोगी अभियान




अंतर्गत करीब 184 ब्लॉक मास्टर ट्रैनर का प्रशिक्षण 3 से 5 सितंबर तक़ जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में दिया जाएगा। सभी ग्राम पंचायत आदि सेवा केंद्र होंगे। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि अभियान के तहत जनजातीय बाहुल्य ग्राम पांचयतो के साथ ही अन्य पंचायतों में भी लोगों को योजनाओं से लाभान्वि करें। उन्होंने जर्ज़र स्कूल भवनो की समीक्षा करते हुए जिला मिशन समन्वयक को निर्देशित किया कि जर्ज़र भवन की फेटोग्राफ और जानकारी सम्बधित प्रधानमंत्री पाठक से यूडाईस पोर्टल पर अपलोड कराएं ताकि मरम्मत हेतु राशि की स्वीकृति प्राप्त हो सके। उन्होंने जर्ज़र स्कूलों की जानकारी यूडाइस पर अपलोड नहीं करने वाले प्रधान पाठको पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एक वर्ष से अधिक समय तक लंबित प्रकरणों का तेजी से निरकारण करने तथा गति शक्ति अभियान के तहत रेलवे ओवर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज हेतु भू अर्जन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन में छूटे हुए किसनों का पंजीयन शीघ्र कराने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये।इसके साथ ही नहर का पानी रोकने एवं नहरों को नुकसान पहुंचाने वालों पर नियमानुसर कार्यवाही करने कहा। बैठक में लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, शिकायत शाखा, समय सीमा के आवेदनों का विस्तृत समीक्षा की गई।

## कर्मचारियों को मिल रहा टेक्नोलॉजी दक्षता का प्रशिक्षण



**रायपुर, 3 सितंबर।** प्रोजेक्ट दक्षः हम होंगे स्मार्ट' अब एक नई दिशा और पहचान बना रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप इस परियोजना के माध्यम से जिले के शासकीय अधिकारी और कर्मचारी डिजिटल सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। आज प्रोजेक्ट दक्ष के अंतर्गत आज कार्यपालन अभियंता,लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद् तिल्दा नेवरा एवं कृषि विभाग के बचे हुए अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता लाना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को कंप्यूटर और मोबाइल के मूल उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट, ईमेल और डै ंविपबम जैसे उपयोगी टूल्स की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है।

## संपादकीय

# पीएम को जवाब देना ही था

राजनीति में कई बार ऐसी घटनाएं हो जाती हैं जिनका जवाब देना जरूरी होता है। जवाब देने से ही फायदा होता है,जबाव नहीं देने से नुकसान होता है कि इतनी बड़ी घटना का पार्टी या पार्टी के सबसे बड़े नेता ने जबाव कैसे नहीं दिया। बिहार के दरभंगा में जब कांग्रेस व राजद के वोट अधिकार यात्रा के लिए बनाए मंच से कांग्रेस के किसी नेता या कार्यकर्ता ने पीएम मोदी की मां को लेकर गाली दे तो भाजपा के लिए जितना असहनीय था, उससे ज्यादा असहनीय पीएम मोदी के लिए था। पीएम मोदी चाहते तो इसका जवाब उसी दिन दे सकते थे, लेकिन उनको जापान दौरे पर जाना था इसलिए वह बड़ी पीड़ा के बाद भी कुछ दिन चुप रहे। पीएम मोदी जानते हैं कि किसी घटना या किस मामले में कहां पर बोलना है,कब बोलना है और क्या बोलना है। भावनात्मक मुद्दा हो तो पीएम मोदी उसे बड़ा मुद्दा बनाने में माहिर हैं। इस बार भी जब कांग्रेस व राजद के मंच से उनकी मां को गाली दी गई तो उन्होंने विदेश यात्रा से आने के बाद बिहार की महिलाओं के लिए नए सहकारी संगठन की वर्चुअल शुरुआत करते हुए कहा कि इससे उनको गहरा दुख पहुंचा है। मैं तो इसके लिए राजद व कांग्रेस को माफ कर सकता हूं, लेकिन बिहार की जनता माफ नहीं करेगी क्योंकि यह मेरी मां का नहीं बिहार सभी माताओं, बहनों का अपमान है। बिहार मां जानकी की धरती है, यहां महिलाओं को हमेशा सम्मान मिला है। बिहार की जनता को कांग्रेस व राजद से इसका जवाब मांगना चाहिए। हर गली मोहल्ले से आवाज उठनी चाहिए कि मां का अपमान नहीं सहेंगे। कांग्रेस के नेता जानते हैं कि पीएम को गाली देने के कारण कई चुनाव में कांग्रेस को नुकसान हो चुका है। इसके बाद भी चुनाव के समय कांग्रेस को बड़ा हो या छोटा गाली देने से बच नहीं पाता है। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने पार्टी के नेताओं में पीएम मोदी के प्रति इतनी नफरत पैदा कर दी है कि किसी न किसी कांग्रेस के छोटे बड़े नेता के मुंह से न चाहकर पीएम मोदी के लिए गाली निकल जाती है, इस बार पीएम की मां को गाली दी गई है यानी और बड़ा गुनाह किया गया है। साफ है कि इसका हमेशा की तरह नुकसान होगा, बड़ा नुकसान होगा।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए किसी निवेश संबंधी मामले में अच्छा रहने वाला है। आप कामों को लेकर उतावलापन ना दिखाएं। जीवनसाथी के साथ आप रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। बिजनेस कर रहे लोग अपनी कमाई के बढ़ने पर पूरा ध्यान देंगे। आप अपने कामों में उत्साह से जुड़ेंगे, जिससे आपके काम आसानी से पूरे होंगे, लेकिन आपकी सेहत आपको समस्या दे सकती है। आप किसी से यदि धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको संतान के मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करनी होगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपने किसी काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। परिवार में आपकी किसी बात को लेकर सदस्यों से कहासुनी हो सकती है।

**मिथुन** आज आप अपने कामों में सुधार लाने की पूरे कोशिश करेंगे। आपको अपने जीवनशैली को बेहतर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने पिताजी की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने किसी सहयोगी से काम को लेकर कोई बातचीत कर सकते हैं। आपके दिए गए सुझावों से आपके बॉस काफी खुश होंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। यदि आप किसी काम को लेकर कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। किसी सरकारी काम के पूरा होने में कोई समस्या खड़ी हो सकती है। आप अपने किसी दोस्त की मदद के लिए भी कुछ रूपयों का इंतजाम कर सकते हैं। आपका कोई पुराना लेन देन आपके लिए समस्या बन सकता है।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको बिजनेस में अच्छा लाभ मिलने से खुशी होगी। शेयर बाजार से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने सहयोगी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। आध्यात्म के कार्यों के प्रति आपके काफी रुचि रहेगी। आपको पार्टनरशिप में कोई काम करना बेहतर रहेगा। आप अपने घर में किसी नए काम की शुरुआत करा सकते हैं।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति काफी समर्पित रहेंगे, जिससे उनके बॉस भी काफी खुश रहेंगे। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा। आपको अपनी जरूरत के खर्चों को भी नियंत्रण में करना होगा। वैवाहिक जीवन में सामंजस्यता बनी रहेगी। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर थोड़ा संयम रखें। आपको किसी की कहासुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा। आपका कोई विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। आप अपने व्यवसाय की योजनाओं में अच्छा लाभ उठाएं। आप जीवनसाथी को कहीं घूमाने लेकर जा सकते हैं। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें। आपको अपने पारिवारिक रिश्तों में थोड़ा संयम बनाए रखना होगा। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें और अपने खर्चों को लेकर आपको योजना बनाकर चलना होगा।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए आर्थिक मामलों में थोड़ा संयम से चलने के लिए रहेगा। आपके आप पड़ोस में यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने खानपान पर पूरा ध्यान देना होगा। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपका विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।

**धनु** आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि बढ़ाने वाला है। आपकी खुशियों को चार चांद लगेंगे और आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको कोई पुरस्कार आदि भी मिल सकता है। आप अपने व्यवसाय में योजनाओं को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी दूर होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। यदि आप किसी प्रॉपर्टी भी खरीदारी की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी हो सकती है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर संशय हो, तो उसे काम में आप बिल्कुल आगे ना बढ़ें। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आप किसी नए काम को करने की भी योजना बनाएंगे। आपको किसी वाद-विवाद की स्थिति से दूर रहना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका कोई सहयोगी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है। आपके खर्च भी अधिक रहेंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठने से आपका मन पसन्न रहेगा। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। सेहत पर आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अच्छे कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे और आप अच्छी सोच से आगे बढ़ेंगे। सामाजिक कामों में आप आगे बढ़ेंगे। व्यवसाय में दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपका धन यदि रुका हुआ था, तो वह भी आपको मिलेगा। आपको कोई सरकारी टेंडर मिल सकता है, जिससे आपको खुशी होगी।

# भारत का आर्थिक मंथन और विकास का अमृत

**हरदीप एस. पुरी लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं**



भारतीय सभ्यतामें अरसे से यह मान्यता रही है कि कामयाबीसे पहलेपरीक्षाहोती है। समुद्र मंथन, जहांमथने की प्रकिया से अमृत निकला था,इसी तरहहमारे आर्थिक मंथन ने भी हमेशा ही नवीनता का मार्ग प्रशस्त किया है। वर्ष1991के संकट से जहां उदारीकरण का जन्म हुआ; वहीं महामारी से डिजिटल उपयोग तेज हुआ।और आज, भारत को एक ''मृत अर्थव्यवस्था'' कहने वाले संशयवादियों के शोर-शराबे के बीच-तीव्र विकास, मजबूत बफर, और व्यापक अवसर - की एक तथ्यपरक कहानी उभर कर सामने आई है।

जीडीपी के ताजा आंकड़ों पर जरागौर करें। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह वृद्धि दरपिछली पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह वृद्धि व्यापक हैः सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 7.6 प्रतिशत बढ़ा है, जिसमें मैन्यूफैक्चरिंग 7.7 प्रतिशत, निर्माण 7.6 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र लगभग 9.3 प्रतिशतबढ़ा है। नॉमिनल जीडीपी में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह कोईमनमाने तरीके से बताई गई तेजी नहीं है।यह बढ़ते उपभोग, मजबूत निवेश और निरंतरसार्वजनिक पूंजीगत व्यय वपूरी अर्थव्यवस्था में लागत कम करने वाले लॉजिस्टिक्स संबंधी सुधारों से हासिल नतीजोंका सबूत है।

भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। यह तेजी के मामले में दुनिया की पहली और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं क्रमशःअमेरिका और चीनसे भी आगे निकल गई है। वर्तमान गति से, हम इस दशक के अंत तक जर्मनी को पीछे छोड़कर बाजार-विनिमय के संदर्भ में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। हमारी गति वैश्विक स्तर पर मायने रखती है।स्वतंत्र अनुमान बताते हैं कि भारत पहले से ही वैश्विक वृद्धि में 15 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने एक स्पष्ट लक्ष्यरखा है —सुधारों के मजबूत होने और नई क्षमताओं के सामने आने के साथ-साथ वैश्विक वृद्धि में हमारी हिस्सेदारी बढ़कर 20 प्रतिशत तक पहुंचे।

विभिन्न बाजारों और रेटिंग एजेंसियों ने हमारे इस अनुशासन को मान्यता दी है। एसएंडपी ग्लोबल ने मजबूत विकास, मौद्रिक विश्वसनीयता और राजकोषीय सुदृढ़ीकरण का हवाला देते हुए, 18 वर्षों में पहली बार भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को उन्नत किया है। इस अपग्रेड से उधार लेने की लागत कम होती है और निवेशक आधार का विस्तार होता है। यह ''मृत अर्थव्यवस्था'' की धारणा को भी झुठलाता है। जोखिम के स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं ने अपनी रेटिंग के साथ अपना मत दिया है।

उतना ही महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि आखिर इस सबका लाभ किसे मिला है। वर्ष 2013-14 और 2022-23 के बीच, 24.82 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबीसे बाहर निकल आए हैं। यह बदलाव उन बुनियादी सेवाओं - बैंक खाते, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, स्वास्थ्य बीमा, नल का जलऔर प्रत्यक्ष हस्तांतरण - की बड़े पैमाने पर आपूर्ति पर निर्भर है जो गरीबों को विकल्प चुनने का अधिकार देता है। दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र और उल्लेखनीय जनसांख्यिकीय चुनौतियों के बीच विकास का यह पैमाना बेहद खास है। विकास का भारत का यह मॉडल आम सहमति के निर्माण, प्रतिस्पर्धी संघवाद और डिजिटल माध्यमों के उपयोग से अंतिम छोर तक सेवा प्रदान करने को महत्व देता है। यह घोषणा के मामले में धीमा,क्रियान्वयन के मामले में तेज और निर्माण की दृष्टि से टिकाऊ है। जब आलोचक हमारी तुलना तेज भागने वाले सत्तावादियों से करते हैं, तो वे इस तथ्य को नजरअंदाज कर देते हैं किहम मैराथन धावक की तर्ज पर लंबी दूरी तय करने वाली एक अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं।

भारत के पेट्रोलियम मंत्री के रूप में, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा इस तीव्र विकास में किस प्रकार सहायक की भूमिका निभा रहीहै। आज, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा तेलशोधक (रिफाइनर) और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है। हमारी तेलशोधन (रिफाइनिंग) क्षमता 5.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन से अधिक हैऔर इस दशक के अंत तक इसे 400 मिलियनटन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से आगे बढ़ाने का एक स्पष्ट रोडमैप हमारे पास उपलब्ध है।

भारत की ऊर्जा संबंधी मांग - जो 2047 तक दोगुनी होने का अनुमान है - बढ़ती वैश्विक मांग का लगभग एक-चौथाई हिस्सा होगी, जिससे हमारी सफलता वैश्विक ऊर्जा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बन जाएगी। सरकार का दृष्टिकोण सुरक्षा को सुधार के साथ जोड़ने का रहा है। तेल की खोज का क्षेत्र 2021 में तलछटी घाटियों के 8 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 16 प्रतिशत से अधिक हो गया है। हमारालक्ष्य2030 तक इसे बढ़ाकर 10 लाख वर्ग किलोमीटर करना है। तथाकथित 'निषिद्ध' (नो-गो)क्षेत्रों में 99 प्रतिशत की भारी कमी ने अपार संभावनाओं को जन्म दिया है, जबकि ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी)पारदर्शी वप्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। गैस मूल्य निर्धारण से संबंधी नए सुधारों - जिनमें कीमतों को भारतीय कच्चे तेल की टोकरी से जोड़ा गया है और गहरे पानी एवं नए कुओं के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश की गई है - ने निवेश को बढ़ावा दिया है। हमारी ऊर्जा की कहानी सिर्फ हाइड्रोकार्बन की ही नहीं,बल्कि बदलाव की भी कहानी है। वर्ष 2014 में इथेनॉल मिश्रण 1.5 प्रतिशत से बढ़कर आज 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत के बराबर हो गईहै और किसानों को सीधे एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान हुआ है। सतत के तहत 300 से ज़्यादा संपीड़ित बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिनका लक्ष्य 2028 तक 5 प्रतिशत मिश्रण का है और तेल से जुड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर कुछ जगहों में काफी शोरगुलहुआ है। आइए तथ्यों को इस शोरशराबे से अलग करके देखें। रूस की तेल पर ईरान या वेनेज़ुएला के कच्चे तेल की तरह कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया।यह जी7/ईयूमूल्य-सीमा प्रणाली के अंतर्गत है जिसे जानबूझकर राजस्व को सीमित रखते हुए तेल प्रवाह को बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसे पैकेजों के 18 दौर हो चुके हैंऔर भारत ने हरेक दौर का पालन किया है। प्रत्येक लेनदेन में कानूनी लदान(शिपिंग)एवं बीमा, अनुपालन करने वाले व्यापारियों और लेखा-परीक्षण (ऑडिट) किए गए चैनलों का उपयोग किया गया है। हमने कोई नियम नहीं तोड़े हैं।हमने बाजारों को स्थिर किया है और वैश्विक कीमतों को बढ़ने से रोका है।

कुछ आलोचकों का आरोप है कि भारत रूस के तेल के लिए एक ''लौंड्रोमैट'' बन गया है। इससे अधिक निराधार बात और कुछ नहीं हो सकती। भारत इस संघर्ष से काफी पहले दशकों से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक रहा है और हमारे रिफाइनर विश्व भर से इस प्रकार के क्रूड का एक समूह बनाते हैं।निर्यात आपूर्ति श्रृंखलाओं को सक्रिय रखता है। वास्तव में, रूस के कच्चे तेल पर प्रतिबंध लगाने के बाद यूरोप ने भी भारतीय ईंधनों की ओर रुख किया। निर्यात की मात्रा और रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) मोटे तौर पर समान ही हैं।मुनाफे लेने का इसमें का कोई सवाल ही नहीं है।

यह तथ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि भारत ने यूक्रेन संघर्ष के बाद वैश्विक कीमतों में उछाल आने पर अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए निर्णायक रूप से कदम उठाए। तेल से जुड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर तक के नुकसान को सहन किया।सरकार ने केन्द्रीय और राज्य के करों में कटौती कीऔर निर्यात से जुड़े नियमों ने यह अनिवार्य किया कि विदेशों में पेट्रोल और डीजल बेचने वाले रिफाइनर को घरेलू बाजार में कम से कम 50 प्रतिशत पेट्रोल और 30 प्रतिशतडीजल बेचना होगा।इन उपायों ने, काफी राजकोषीय लागत पर, यह सुनिश्चित किया कि एक भी खुदरा दुकान खाली न रहे और परिणामस्वरूप भारतीय घरों के लिए कीमतेंस्थिररहीं। बड़ा सच यह है किवैश्विक तेल का लगभग 10 प्रातशत आपूर्ति करने वाले दुनिया के इस दूसरे सबसे बड़े उत्पादक का कोई विकल्प ही नहीं है। जो लोग उंगली उठा रहे हैं, वे इस तथ्य की अनदेखी करते हैं।वसुधैव कुटुम्बकम के अपने सभ्यतागत मूल्यों के अनुरूपभारत द्वारा सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करने से 200 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के विनाशकारी झटके को रोका गया।

यह वही 'मेड इन इंडिया' है जो विश्व दृष्टिकोण के लिए भारत में आकार ले रही नई औद्योगिक क्रांति को आकार देता है। इस औद्योगिक क्रांति में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और विशेष रसायन शामिल हैं - जो उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों (पीएलआई)और पीएम गतिशक्ति लॉजिस्टिक्स के सहारे संचालित हैं। सेमीकंडक्टर के उत्पादन में तेजी अब एक नए स्तर पर पहुंच रही है - जो नीतिगत गंभीरता और क्रियान्वयन का प्रमाण है। मंत्रिमंडल ने हाल ही में भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार अतिरिक्त सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी हैऔर प्रधानमंत्री का जापान में एक सेमीकंडक्टर उत्पादन केन्द्र का हालिया दौराऔर जापान की निवेश संबंधी नवीनीकृत प्रतिबद्धताएं एक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय तकनीकी आपूर्ति श्रृंखलाओं से संबंधित एक साझा रोडमैप को रेखांकित करती हैं।

डिजिटल अर्थव्यवस्था इन लाभों को कई गुना बढ़ा देती है। भारत वास्तविक समय में भुगतान के मामले में दुनिया भर में अग्रणी है। यूपीआई की सर्वव्यापकता छोटे व्यवसायों की उत्पादकता बढ़ाती हैऔर हमारा स्टार्टअप इकोसिस्टम नवाचार को सेवाओं एवं समाधानों के निर्यात में बदल रहा है। जब डिजिटल तेजीवास्तविक बुनियादी ढांचे के साथ मिलती है, तो प्रभाव बढ़ता है और परिणाम स्वरूप कम टकराव, सुव्यवस्थितऔर निवेश एवं उपभोग का एक बेहतर चक्र सुनिश्चित होता है।

आगे का रास्ता आशाजनक है। स्वतंत्र अनुमानों (ईवाई) के अनुसार, 2038 तक भारत पीपीपी के आधार पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद 34 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होगा। यह प्रगति सतत सुधारों, मानव पूंजी और प्रत्येक उद्यम व परिवार के लिए प्रचुर, स्वच्छ एवं विश्वसनीय ऊर्जा पर निर्भर है।

एक महान सभ्यता की परीक्षा उसके कठिन क्षणों में होती है। अतीत में जब भी भारत की क्षमता पर संदेह किया गया, इस देश ने हरित क्रांतियों, आईटी क्रांतियों और शिक्षा व उद्यम के जरिए लाखों लोगों के गौरवपूर्ण उत्थान के साथ उसका जवाब दिया। आज का समय भी इससे कुछ अलग नहीं है। हम अपने दृष्टिकोण पर टिके रहेंगे, अपने सुधारों को निरंतर जारी रखेंगेऔर अपने विकास को तीव्र, लोकतांत्रिक एवं समावेशी बनाए रखेंगेताकि लाभ सबसे वंचित लोगों तक पहुंच सके। आलोचकों के लिए, हमारी उपलब्धियां ही हमाराजवाबहोंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, विकसित भारत महज एक आकांक्षा ही नहीं, बल्कि उपलब्धि का एक सार हैऔर विकास के ये आंकड़े उस व्यापक कहानी का ताजा अध्याय मात्र हैं।

# तो क्या यही "ज्ञान " हमें विश्व गुरु बनायेगा ?

**निर्मल रानी**



हमारा देश भारतवर्ष कभी न कभी जरूर विश्व गुरु रहा होगा। इसके लक्षण तो आप आज भी देख सकते हैं। जगह-जगह लोग आपको सलाह देने वाले, घरेलु नुस्खा या टोटका बताने वाले मिल जायेंगे। जो स्वयं अपने ही भविष्य के बारे में अनजान हैं ऐसे तमाम लोग फ़ुट पाथ से लेकर बड़े बड़े आधुनिक कार्यालयों तक में बैठे भविष्य वक्ता आपको पूरे देश में बैठे मिल जायेंगे। । भारत चूँकि अपना भविष्य जानने वाले जिज्ञासुओं का एक बड़ा बाज़ार है। इसलिये तमाम बाबाओं व ज्योतषियों की 'दुकानदारी ' इसी पर चल रही है। हमारे देश का एक काफ़ी बड़ा वर्ग इन अवैज्ञानिक व ग़ैर तार्किक बातों पर विश्वास भी करता है। आप देखिये कि भारत ही अकेला ऐसा देश है जहाँ करोड़ों रूपये कोठी निर्माण पर ख़र्च करने के बाद कोठी के मस्तक पर नज़रबट्टू 'भूत ' लगाना नहीं भूलते,कहीं जूता या काला टायर भी लटका मिल जायेगा। यह हमारे देश के शिक्षित व संपन्न लोगों का हाल है तो ग़रीबों या अशिक्षित लोगों की बौद्धिकता पर सवाल ही क्या उठाना ?

बहरहाल,चूँकि हमारे देश के अधिकांश जनता अशिक्षित परन्तु धार्मिक प्रवृति की है इसलिये स्वयं को पढ़े लिखा कहने वाले कुछ चतुर्बुद्धि लोग उनकी सादगी,शराफ़त,भोलेपन,धार्मिक आस्था व विश्वास का लाभ उठाकर तरह तरह की धार्मिक व पौराणिक बातें बताकर उन्हें यह जताने की कोशिश करते हैं की हम चूँकि समान आस्था विश्वास व विचार वाले हैं इसलिये हम ही तुम्हारे शुभचिंतक हैं। लिहाज़ा हमें वोट दो और हमें सत्ता में बने रहने दो। परन्तु वैज्ञानिक व तार्किक सोच रखने वाले लोग जब इन्हें व इनके तर्कों को ख़ारिज करते हैं तो यह लोग बड़ी चतुराई व शातिरपने से सही बातों को झुठलाने के लिये इस पढ़े लिखे व तर्कशील वर्ग को अधार्मिक,धर्मद्रोही और ज़रूरत पड़ने पर राष्ट्रद्रोही भी बता देता है। गोया सच को झूठ और झूठ को सच बताने लगता है। और इससे बड़ा दुर्भाग्य यह कि लालची प्रोपेगंडा गोदी मीडिया भी इस घातक मिशन में ऐसे लोगों का साथ देता है। उदाहरण के तौर पर इस्लामी यहूदी व ईसाई धर्म में समान रूप से माने जाने वाले पैग़ंबर हज़रत मूसा के बारे में एक क़िस्सा प्रचलित है कि उन्होंने अल्लाह के हुक्म से चमत्कारिक रूप से लाल सागर को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया था । बताया जाता है कि जब फ़िरऔन की सेना ने मूसा और उनके अनुयायियों को मारने के लिये उनका पीछा किया, तो मूसा ने अपने असा (एक प्रकार की छड़ी ) को समुद्र पर मारा। उसी समय अल्लाह ने समुद्र को दो भागों में बाँट दिया, जिससे मूसा व उनके समर्थक समुद्र पर कर गये परन्तु जब समुद्र के बीच बने इसी रस्ते से फ़िरऔन की सेना ने उनका पीछा किया, तो समुद्र फिर से मिल गया, और फ़िरऔन की सेना डूब गयी ।इस घटना का उल्लेखन केवल कुरान नहीं बल्कि बाइबिल में भी मौजूद है। परन्तु क्या इस बात पर इस्लामी यहूदी व ईसाई धर्म के लोगों के अलावा किसी अन्य धर्म से सम्बन्ध रखने वाले तार्किक व वैज्ञानिक सोच के लोग विशवास करेंगे ? बिल्कुल नहीं क्योंकि उसके संस्कारों शिक्षा और उसके विश्वास या मान्यताओं में यह बातें हैं ही नहीं। इस्लाम धर्म की ही एक क़िस्सा है जिसे पैग़ंबर हज़रत मुहम्मद के जीवन का एक सर्व प्रमुख चमत्कार माना जाता है। इसे इस्लामी इतिहास में "शक्क-ए-क़मर" यानी चाँद का दो टुकड़ों में बँटना,के नाम से जाना जाता है। मक्का की इस घटना के बारे में कहा जाता है कि जब कुरैश क़बीले के कुछ लोगों ने पैग़ंबर हजरत मुहम्मद की सिद्धि को परखने के लिये उनसे इस बड़े चमत्कार की माँग की। तब पैगंबर मुहम्मद ने अल्लाह की इजाज़त से चाँद को दो हिस्सों में बाँट दिया। कुछ देर तक अलग-अलग रहने के बाद चाँद फिर एक हो गया। इस 'चमत्कार' का उल्लेख क़ुरआन में भी है। परन्तु इतिहास के दौर में घटी इस घटना और इसकी व्याख्या पर भी विद्वानों और इतिहासकारों में मतभेद हैं। कुछ की नज़रों में यह चमत्कार है जबकि कुछ की नज़रों में यह प्रतीकात्मक या आध्यात्मिक अर्थ की घटना। इसी तरह पृथ्वी शेषनाग के फन पर टिकी है,हनुमान जी सूर्य निगल गये थे,चाहे समुद्र में वानरों द्वारा पत्थर फ़ेंक फ़ेंक कर लंका जाने का पुल तैयार कर देना हो,या फिर भगवान भोले शंकर द्वारा अपने ही पुत्र का सिर तन से जुदा कर उस पर हाथी का सर लगाने की बात हो,गणेश जी की सवारी चूहा हो या मछली के पेट से पैदा होने या घड़े से पैदा होने,मैल से पैदा होने की घटना या संजीवनी के लिये हनुमान जी द्वारा पूरा पर्वत उठा लाना,पुष्पक विमान होना और न जाने इस तरह की अनगिनत बातें जो हमें हमारे प्राचीन धार्मिक ग्रन्थ या धार्मिक पुस्तकें हमें बताती आई हैं उन पर हम आस्था वश या बचपन से मिले संस्कारों व धार्मिक ज्ञानों के नाते विश्वास तो ज़रूर कर करते हैं परन्तु यह बातें विज्ञान की कसौटी पर आज के वैज्ञानिक युग में क़तई खरी नहीं उतरतीं। इसलिये हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मुंबई के एक अस्पताल के उद्घाटन के समय यह कहते हैं कि भगवान गणेश का हाथी का सिर मनुष्य के शरीर पर लगाना प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी के अस्तित्व का प्रमाण है। जब वे कहते हैं कि "हम भगवान गणेश की पूजा करते हैं, जिनका सिर हाथी का है। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वजों को प्लास्टिक सर्जरी का ज्ञान था।" प्रधानमंत्री का यह कथन निश्चित रूप से पौराणिक कथाओं पर आधारित है, परन्तु न तो इस घटना के ऐतिहासिक प्रमाण हैं न ही पुरातात्विक प्रमाण। वैज्ञानिक रूप से असमर्थित दावा होने की वजह से ही प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान की उस समय बहुत आलोचना हुई थी। क्योंकि उनका यह बयान आधुनिक विज्ञान को मिथकों से जोड़कर अवैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाला माना गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने ही उन्हीं दिनों कहा था कि "महाभारत में कर्ण अपनी मां के गर्भ से बाहर पैदा हुआ था, इसका मतलब है कि उस समय जेनेटिक साइंस मौजूद था।" वैज्ञानिक समुदाय ने इसे अस्वीकार किया, क्योंकि यह भी पौराणिक कहानी पर आधारित है और आधुनिक जेनेटिक्स से इसका कोई संबंध नहीं है। मोदी वैसे भी नाली के गैस से चाय बनाना बादलों में रडार का काम न करना जैसे न जाने कितने हास्यास्पद दावे करते रहे हैं जो हमारे देश के शिक्षार्थियों व वैज्ञानिक सोच रखने वालों के लिये ख़तरनाक हैं। दुनिया भी ऐसी बातों का मज़ाक़ उड़ाती है। इसी तरह गत दिनों केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के ऊना ज़िले के पीएम श्री स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों से पूछाः "अंतरिक्ष में यात्रा करने वाला पहला यात्री कौन था?" उस समय अधिकांश छात्रों ने "नील आर्मस्ट्रॉन्ग" का नाम लिया जो अंतरिक्ष में नहीं बल्कि चंद्रमा पर पहला क़दम रखने वाले पहले यात्री थे। हालांकि कुछ छात्रों ने रूस के यूरी गागरिन का नाम भी लिया जो अंतरिक्ष में पहले मानव यात्री थे। परन्तु अनुराग ठाकुर ने बच्चों का जवाब सुनकर कहा "मुझे तो लगता है हनुमान जी थे।" साथ ही उन्होंने यह ज्ञान भी दिया कि छात्रों को टेक्स्टबुक से बाहर निकलकर अपनी प्राचीन परंपरा, वेदों और संस्कृति की ओर देखना चाहिए, क्योंकि "जब तक हमें अपनी हज़ारों वर्ष पुरानी परंपरा, व संस्कृति का ज्ञान नहीं होगा, तब तक अंग्रेज़ों ने जो हमें दिखाया है, वहीं तक हम सीमित होकर रह जाएंगे।" अब ज़रा बताइये देश का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री स्तर के लोगों के 'ज्ञान ' से प्रेरित कोई बच्चा यदि नासा में या अन्य किसी वैज्ञानिक मंच पर अपने साक्षात्कार में यही सब बताने लगेगा तो क्या उसे सफलता मिलेगी ? वैसी भी सीधे सादे लोगों में स्वयं को धर्म और आस्था का बहुत बड़ा पैरोकार बताकर लोगों को अज्ञान में धकेलने की कोशिश करना देश के युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा धोखा है। वास्तव में इस तरह का 'महाज्ञान ' सभी धर्मों में उनके धर्मगुरुओं के मुंह से तो शोभा दे सकता है राजनेताओं के मुंह से क़तई नहीं। ज़रा सोचिये कि क्या इसी तरह के "ज्ञान " हमें विश्व गुरु बनायेंगे ?

# रात में सांस रुकना गंभीर खतरे का संकेत

अक्सर रात को सोते समय सांस लेने की समस्या को नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसी स्थिति को नजरअंदाज करने से सेहत गंभीर रूप से बीमार हो सकती है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि सोते समय ठीक से सांस न आने की क्या वजह है। साथ ही इस समस्या का उपाय भी जानेंगे। रात को सोते समय सांस रुक-रुककर आना या सांस लेने में मुश्किल होना कोई आम समस्या नहीं है। कई लोगों को रात में सोते समय सांस लेने में मुश्किल होती है। यानी की सोने के दौरान ठीक से सांस नहीं आती है या फिर कम सांस आती है। हालांकि अक्सर लोग इसको नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसी स्थिति को नजरअंदाज करने से सेहत गंभीर रूप से बीमार हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सोते समय ठीक से सांस न आने की क्या वजह है। साथ ही इस समस्या का उपाय भी जानेंगे। बता दें कि स्लीप एपिया नींद की गंभीर बीमारी है, जिसमें सोने के समय सांस लेने में मुश्किल होती है और दिन भर थकान महसूस होती रहती है। वहीं जो लोग मोटापे की समस्या का शिकार होते हैं। इन लोगों को भी कई बार वायुमार्ग में रुकावट महसूस होती है और यह लोग सोते समय ठीक से सांस नहीं ले पाते हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक स्टडी में बताया गया कि मोटापे की वजह से शरीर में फैट, ऊपरी श्वसन मार्ग में जमा हो जाता है। जिससे वायुमार्ग संकुचित होता है और सोने के दौरान सांस लेने में रुकावट आने लगती है। यह स्थिति ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया की वजह बन सकती है। नाम की समस्या होने की वजह से सांस लेने में रुकावट आ सकती है। नाक बंद होना, साइनस की समस्या या एलर्जी आदि भी इसकी वजह हो सकती है। कई बार शराब और धूम्रपान की आदतें भी वायुमार्ग पर बुरा असर डालती है। जिसकी वजह से सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। स्लीप पोजिशन की वजह से भी रात को सोने के दौरान सांस लेने की समस्या हो सकती है। जो लोग पेट के बल सोते हैं, उनके वायुमार्ग में अक्सर रुकावट महसूस होती है और सांस रुक सकती है।

## सू-दोकू-159

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.158 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# लौह अयस्क ले जा रहे ट्रकों के चलने से शहर की सड़कें हो रही खराब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 3 सितंबर।** बीते दिनों दक्षिण बस्तर में आई भीषण बाढ़ के वजह से चितालंका बाईपास पुल टूटकर बह गया था जिसके बाद से भारी वाहनों को शहर के अंदर के सड़क मार्ग से निकाला जा रहा है। भारी ट्रकों के चलने से शहर की सड़कें उखड़ने लगी है। सड़कों में बड़े बड़े गढढे बनते जा रहे हैं। भारी लोड के दबाव को सड़क झेल नहीं पा रहा। खराब सड़कों के चलते आम शहरी को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गढढों में बारिश का पानी जमा हो रहा है जो आमजनों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।

बाईपास पुल के बह जाने के बाद अब सबसे बड़ी समस्या किरंदुल से लौह आयस्क लेकर रायपुर जाने वाले ट्रकों की सामने आ खड़ी हुई है। पहले ये सभी ट्रकें जेल बाड़ी पुलिया से होकर चितालंका बाईपास मार्ग से होते हुए चितालंका तालाब चौक पर निकलती थी और वहां से फिर





गीदम होते हुए आगे की ओर निकल जाती थी। अब पुल के बह जाने से लौह अयस्क से भरी ट्रकों को बैंक चौक से नगर के अंदर अस्पताल रोड होते हुए गायत्री मंदिर चौक निकाला जा रहा है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में भारी वाहनों के आवाजाही से नगर की सड़कें खराब होने लगी है। अभी एक सप्ताह ही बीता है और सड़क का ये हाल हो गया है सोचिए कुछ महिनों बाद इन सड़कों का क्या हाल हो जाएगा। ट्रकों के चलने से इंडोर स्टेडियम के सामने, बैंक चौक टर्निंग में, गायत्री मंदिर चौक में जगह जगह गढढे बन गए है। भारी वाहनों का दबाव मोहल्ले की सड़क झेल नहीं पा रहे जिससे सड़कों में गढढे बनते जा रहे हैं। वहीं दुसरी ओर भारी ट्रकों के गुजरने से हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर छोटे बच्चों को लेकर लोगों की चिंताए भी बढ़ गई है। स्कूल रोड, हास्पिटल रोड होने से इसमें आम लोगों की आवाजाही बहुत ज्यादा रहती है। चितालंका बाईपास पुल बनने में अभी सालों लग जाएंगे । ऐसे में अब बाईपास-2 मार्ग ही एक विकल्प बचता है। जब तक बाईपास-2 मार्ग में निर्माणाधीन अधुरा पुलिया बनकर तैयार नहीं हो जाता तब तक ट्रकों को शहर के सड़कों से ही होकर गुजरना होगा कोई और दुसरा रास्ता फिलहाल नजर नहीं आता। ऐसे में आम शहरियों को काफी सतर्क और सम्हलकर सड़कों पर चलना होगा। ट्रेफिक अधिकारी प्रहलाद साहू ने भारी ट्रकों को शहर के अंदर 20 की धीमी गति से चलाने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में विकासखंड दंतेवाड़ा विजेता



**दंतेवाड़ा, 3 सितंबर** । राज्य शासन, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस के अमबस्ट तथा जिला साक्षरता मिशन प्रभारी श्रीमती रतन बाला मोहंती के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजित की गई जिसमें चारों विकासखंड के 8 टीमों ने पक्ष और विपक्ष में भाग लिया जिसमें 40 प्रतिभागी शामिल हुए इस वाद विवाद प्रतियोगिता के विषय पर दोनों ही पक्ष और विपक्ष के माध्यम से बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया इस क्रम में विकासखंड दंतेवाड़ा अंतर्गत विपक्ष के रूप में पुष्पा नायक, खुशी राणा, मन्नू साहू, लक्ष्मी साहू पूजा मीडियामि प्रथम तथा द्वितीय स्थान विकासखंड गीदम पक्ष से कमलेश करती की टीम ने हासिल किया तृतीय स्थान पर पुनः दंतेवाड़ा विकासखंड के पक्ष की टीम पल्लवी ,यमुना ठाकुर ,चांदनी ठाकुर ,ईशा राय ,अनु साहू, जिया सोनानी की टीम ने हासिल किया जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 7000, 5000, 3000 रुपए राशि देकर पुरस्कृत किया गया साथ ही 5 दलों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया जिसके अंतर्गत प्रत्येक टीम को दो दो हजार रुपए प्रदान किया गया निर्णायक के भूमिका में श्री रविशंकर नेताम सहायक उद्योग महाप्रबंधक, श्री के के शर्मा वरिष्ठ नागरिक, श्री छोटेलाल यादव श्रीमती संगीता चंदन वरिष्ट शिक्षिका इत्यादि शिक्षक साथी रहे इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरीश कुमार सिन्हा खंड स्त्रोत समन्वयक टी आर जुर्री प्राचार्य नेहा नाथ संकुल समन्वयक गुलाब ठाकुर चिरस लकड़ा खोमेंद्र देवांगन रमेश साहू, पोरस बिंझेकर, उप्पल, रामचंद्र नायर, लालू प्रधान व्याख्याता हेमलता साहू, मंजू टोप्पो, सामिष्ठा महापात्र, नरेंद्र वर्मा, मध्यान भोजन प्रभारी महेंद्र जोशी, गुड्डा ठाकुर एवं चारों विकास खंड के शिक्षक शिक्षिकाए शामिल हुए। ज्ञात हो कि प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीम संभाग स्तरीय में अपना प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे।

### आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए लोग आगे आए



**दंतेवाड़ा, 3 सितंबर** । गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत फुंडरी के बाढ़ राहत शिविर देवगुड़ी में बच्चों को गणवेश पुस्तक और कॉपी आज वितरित किया गया। इसके अलावा विकासखंड शिक्षा कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं लाइवलीहुड कॉलेज के माध्यम से बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री पैकेज करते हुए सहयोग प्रदान किया गया।

### तीन दिवसीय प्रोसेस लैब कार्यशाला का शुभारंभ मांझीपदर में

**दंतेवाड़ा, 3 सितंबर** । जिला दंतेवाड़ा में ''आदि कर्मयोगी अभियान'' के तहत कुणाल दुदावत, जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं राजीव नाग सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग के निर्देशन में दिनांक 01 सितम्बर 2025 से तीन दिवसीय ''प्रोसेस लैब'' कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत संसाधन केंद्र मान्झिपदर में किया गया। आज प्रोसेस लैब का द्वितीय दिवस है। यह अभियान भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आदिवासी अंचलों में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों को संवेदनशील, प्रभावी और सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।''आदि कर्मयोगी अभियान'' एक नवाचार आधारित पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के भीतर कर्तव्यनिष्ठा, आत्मचिंतन, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना को विकसित करना है। यह अभियान खासकर बस्तर जैसे विशेष परिस्थितियों वाले जिलों के लिए तैयार किया गया है, जहाँ सरकारी कर्मियों की भूमिका केवल प्रशासकीय नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की भी होती है।

### उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यशाला का आयोजन 4 सिंतबंर को

**दंतेवाड़ा, 3 सितंबर ।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दंतेवाड़ा द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के एमएसएमई प्रदर्शन को बढ़ाना और तेज करना (आरएएमपी) योजना के अंतर्गत जिले के एमएसएमई इकाइयों और बैंकर्स के बीच समन्वय और आने वाले चुनौतियों के समाधान हेतु उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 04 सितंबर 2025, समय प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में किया जायेगा। जिसमें जिले के एमएसएमई इकाईयों को ऋण तक पहुंच को सुगम बनाना, नये स्टार्टअप इकाईयों को बढ़ावा देना।

## भादवा मेला में भजन-कीर्तन के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया





गीदम, 3 सितम्बर। जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में स्थित बाबा रामदेव मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी दूज तिथि से लेकर दशमी तिथि तक भादवा मेला बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर महाप्रसादी वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। दशमी की रात्रि जम्मा जागरण का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों के माध्यम से बाबा रामदेव की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी व बाबा के भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्तों का उत्साह और भक्ति का माहौल पूरे क्षेत्र में देखने लायक था।

## विद्यालयों में रजत जयंती पर आयोजित खेलकूद में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया

**दंतेवाड़ा, 3 सितंबर** । छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने जा रहें हैं। इस अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 15 अगस्त 2025 से प्रारंभ होकर 6 फरवरी 2026 तक संपूर्ण छत्तीसगढ़ में चलेगा।

इसी तारतम्य में स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा जिला दंतेवाड़ा के अंतर्गत समस्त विद्यालयों, शासकीय एवं अशासकीय में दिनांक 28 अगस्त से 7 सितंबर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों से सुसज्जित एक विशेष पखवाड़ा का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी एस के अम्बस्त एवं डीएमसी हरीश गौतम के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत को पुस्तक वाचन, ''स्पीड रीडिंग', एनईपी 2020 पर आधारित क्विज प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ का इतिहास विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं मेरे सपनों का विद्यालय विषय पर भाषण प्रतियोगिताओं का जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजन किया गया है। इस गतिविधि में छात्र, छात्राओं के साथ पालक, समुदाय, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा विद्यालय में विकास प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था।



## हाई स्कूल प्राचार्य सुनीता गोस्वामी ने पीड़ितों की मदद के लिए दिया 21000 रुपए का चेक

**दंतेवाड़ा, 3 सितंबर।** जिले में विगत सप्ताह अचानक आई बाढ़ से काफी घरों को नुकसान पहुंचा, इस प्राकृतिक आपदा को देखते हुए हाई स्कूल आवराभाटा प्राचार्य व राज्यपाल से सम्मानित श्रीमती सुनीता गोस्वामी ने बचाव व राहत कार्य के लिए कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत को 21000 की राशि चेक स्वरूप प्रदान किया है उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी श्रीमती सुनीता गोस्वामी ने स्वैच्छिक पहल करते हुए जागरूक नागरिक की भूमिका में आर्थिक रूप से कमजोर स्कूली बच्चों को नोटबुक प्रदान किया है।साथ ही उन्होंने लगभग 10 ड्राप आउट बच्चों की दसवीं की वार्षिक परीक्षा का फीस राशि देकर सहयोग प्रदान किया है। इस मौके पर कलेक्टर ने अंशदान सहयोग राशि के लिए श्रीमती गोस्वामी का जिला प्रशासन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ग्रामीणों ने डाक विभाग के अधिकारी व जिला पंचायत सदस्य से की शिकायत

# ग्रामीणों से सुकन्या समृध्दि योजना का पैसा लेकर महिला कर्मचारी ने खाते में जमा नहीं किया



**बीजापुर,3 सितंबर।** सुकन्या समृद्धि योजना में बेटियों के भविष्य के लिए की जा रही ग्रामीणों की वर्षों की मेहनत की बचत अब संकट में फंस गई है। बीजापुर डाकघर की महिला कर्मचारी कुमारी दिव्या कंवर पर ग्रामीणों ने बेटियों के भविष्य से खिलवाड़ करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि उसने सुकन्या समृद्धि योजना के नाम पर सालों तक लाखों रुपये हड़प लिए और डाक विभाग चुपचाप तमाशा देखता रहा।

ग्राम पंचायत संतोषपुर के ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2019-20 से लेकर अब तक वे हर महीने एक हजार से पाँच हजार रुपये अपनी बेटियों के नाम पर जमा कर रहे थे। लेकिन जब पासबुक एंट्री की मांग की गई, तो दिव्या कंवर महीनों तक बहाने बनाती रही, बाद में खुलासा हुआ कि उनके खातों में एक पैसा भी जमा नहीं किया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि जब वे बीजापुर डाकघर पहुंचे, तो विभाग के बड़े अधिकारी खुद मामले को दबाने की कोशिश करने लगे। उन्होंने शिकायत न करने की नसीहत देते हुए पैसे वापस दिलाने का भरोसा दिया। लेकिन आज तक न पैसा मिले, न कार्रवाई हुई। आरोपी कर्मचारी का तबादला चुपचाप किसी और जिले में कर दिया गया। क्या डाक विभाग भी इस गबन में शामिल है? लाखों की राशि हड़पने वाली कर्मचारी पर कार्रवाई क्यों नहीं?ग्रामीणों ने न्याय के लिए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे से मुलाकात की। उन्होंने सोमवार को कलेक्टर संबित मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया की %यह घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार है। आम लोग अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और शादी के लिए पाई-पाई बचाकर सुकन्या योजना में जमा करते हैं। लेकिन डाक विभाग के कर्मचारी ही अगर डाका डालें और अधिकारी चुप रहें तो यह आम जनता के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात है। ग्राम पंचायत संतोषपुर की संगीता छपराला, शर्मिला नागुल, रामी पुल्ला, अनीता कुड़मूल, सुशीला पारीक, सुमित्रा कुड़मूल, कमला पल्ला, सुशीला नागुल, चंद्रकला कुड़मूल, सोमाली आलमा, रमेश सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण इस दौरान मौजूद रहे।अब देखना है कि जिला प्रशासन और डाक विभाग इस गबन को रोकने और दोषियों पर कार्रवाई करने में कितनी तेजी दिखाता है या फिर यह मामला भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### बाढ़ प्रभावितों की मदद और विभागीय कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश



**बीजापुर,3 सितंबर।** जिला कार्यालय में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा की अध्यक्षता में समय-सीमा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति, राहत कार्य और प्रभावित परिवारों को प्रदान की जा रही सहायता की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सड़क, पानी, भोजन जैसी आवश्यक जरूरतों के त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परिवार को असुविधा नहीं होनी चाहिए।कलेक्टर ने सभी ब्लॉकों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र और आयुष्मान कार्ड से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के आदेश दिए, साथ ही आत्मसमर्पित नक्सलियों से संबंधित मामलों की जानकारी भी अधिकारियों से ली।बैठक में बिजली विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। अधूरे कार्यों को समयसीमा में पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। आश्रमों और छात्रावासों में भोजन की गुणवत्ता पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने अधीक्षकों को भोजन की स्थिति का विवरण फोटो सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा के दौरान उन्होंने ग्रामीण इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की व्यवस्था का आकलन किया। इसी क्रम में जिले में चल रहे रजत महोत्सव कार्यक्रमों की जानकारी भी ली गई।कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल प्लेटफार्म पर लाकर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और प्रत्येक विभाग अपने कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करे।बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी, अनुभागों के एसडीएम और डिप्टी कलेक्टर मौजूद रहे।

### ई-मार्केट प्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग पर कार्यशाला 5 सितंबर को

**कांकेर, 3 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ में रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के तहत आगामी शुक्रवार 05 सितम्बर को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कांकेर द्वारा ÷ई-मार्केट प्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा ''एमएसएमई के लिए बाज़ार विकास÷ विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार केन्द्र ने बताया कि उक्त कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई, महिला उद्यमियों, स्वसहायता समूह के सदस्यों एवं पारंपरिक कारीगरों को ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपने उत्पादों की बाज़ार में पहुँच बढ़ाने, विपणन सहायता प्राप्त करने, नेटवर्किंग के अवसर समझने, उत्पादों की दृश्यता में वृद्धि तथा लॉजिस्टिक्स समर्थन के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला विशेष तौर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह, हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण, वनोपज आधारित उद्यम तथा ऐसे कारीगर एवं उत्पादक जो ऑनलाइन बिक्री के इच्छुक हैं, के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने जिले के सभी इच्छुक उद्यमियों एवं लाभार्थियों से आग्रह किया है कि वे इस निःशुल्क कार्यशाला में भाग लेकर इसका समुचित लाभ लें। यह कार्यशाला कांकेर शहर के होटल आनंदम, सिटी सेंटर माल में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगी।

### पीएम सूर्यघर योजना का लाभ शासकीय सेवक उठाएं

**कांकेर, 3 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक आयोजित हुई, विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अधिकारियों से अपने निजी आवासों में सोलर रूफटॉप स्थापित करने तथा अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यपालन अभियंता विद्युत को योजना के सतत् प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई।जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने पीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन पोर्टल सहित कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही जेम पोर्टल एवं ई-ऑफिस के ऑनबोर्डिंग कार्य को प्रभावी ढंग से प्रत्येक कार्यालय में लागू करने पर बल दिया।

## सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता, 16 सक्रिय माओवादी गिरफ्तार, आईईडी-बम और प्रचार सामग्री बरामद



**बीजापुर,3 सितंबर।** जिला बीजापुर में माओवादियों के नेटवर्क पर सुरक्षा बलों ने बड़ी सफलता हासिल की है। छ्रत्न, थाना बासागुड़ा, थाना गंगालूर, थाना जांगला, कोबरा 210 व 202 तथा केरिपु 229 की संयुक्त कार्रवाई में 16 सक्रिय माओवादी सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इनसे भारी मात्रा में विस्फोटक और माओवादी संगठन की प्रचार-प्रसार सामग्री बरामद हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना जांगला क्षेत्र से 08, गंगालूर क्षेत्र से 06 और बासागुड़ा से 02 माओवादी पकड़े गए। आरोपियों के पास से ढ्ढश्वष्ठ, कुकर बम, टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, मल्टीमीटर, बिजली का तार, जमीन खोदने के औजार और बैनर-पोस्टर-पाम्पलेट जैसी बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों का जानकारी जांगला क्षेत्र से पकड़े गए - नड़गु वेको, बोटी माड़वी, बोड़ा वेको, पाकलू फरसा, बामन कवासी, मुन्ना कुहरामी, मुन्ना वेको और बुधरू ऊर्फ बधरू बारसा।

गंगालूर क्षेत्र से गिरफ्तार - भीमा बारसे, माड़वी पाला, जोगा माड़वी, कलमू मनकी, बुधरी बारसे और कलमू फूलो।बासागुड़ा क्षेत्र से पकड़े गए - नंदा कुंजाम और भीमा मड़कम।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे पुलिस पार्टी को क्षति पहुँचाने के लिए ढ्ढश्वष्ठ लगाने की योजना बना रहे थे। बरामद सामग्री को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## सर्व आदिवासी समाज ने की बाढ़ पीड़ितों को 1 करोड़ मुआवजा, शासकीय नौकरी व जमीन देने की मांग

**बीजापुर,3 सितंबर।** हाल ही में हुई लगातार भारी बारिश से जिले के कई गांव जलमग्न हो गए, जिससे खेतों की मेड़ कट गई, फसलें बह गईं और कई जगह दुपहिया - चार पहिया वाहन तक पानी में बह गए। जान-माल की इस बड़ी क्षति को लेकर रूढ़ि जन्य परंपरागत सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष अशोक तलांडी ने शासन-प्रशासन से बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए ठोस राहत पैकेज की मांग की है।तलांडी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि प्रभावित हर परिवार को शासकीय नौकरी, जमीन, आवास और 1 करोड़ रुपए मुआवजा दिया जाए। साथ ही किसानों को फसल क्षति की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति राशि तुरंत उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि आपदा की इस गंभीर घड़ी में केवल प्रशासनिक अमला ही सक्रिय दिखा, जबकि सरकार के प्रतिनिधि अब तक पीड़ितों तक नहीं पहुँचे। न तो कोई उच्चस्तरीय दौरा हुआ और न ही हवाई सर्वेक्षण। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर इसे सुशासन कैसे कहा जा सकता है।तलांडी ने आगे कहा कि बीजापुर जिले का भोपालपटनम इलाका चार राज्यों छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश की सीमाओं से लगा हुआ है।

## सुंदर पंडालों में विराजे गणपति, दर्शन के लिए रोज उमड़ रहे श्रध्दालु

**लोरमी, 3 सितंबर।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर जिले के शहर, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बप्पा विराजमान है । जगह-जगह स्थापित किए गए आकर्षक पंडालों में श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंच रहे हैं और पूरे वातावरण में भक्ति व उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। गली-गली, चौक-चौराहों एवं मोहल्लों में बप्पा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है।

सभी पंडालों में पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर गणेश जी की स्थापना की गई। भजन, कीर्तन और आरती से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धालु पूरे उत्साह से बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं। कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा भी सार्वजनिक पंडालों में बप्पा का विराजमान किया गया है। प्रतिमा विक्रेताओं के अनुसार इस वर्ष जिले में गणेश प्रतिमाओं की मांग अन्य वर्षों की तुलना में अधिक रही। घर-घर और पंडालों में गणेश जी की स्थापना को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई। मूर्तिकारों ने भी अलग-अलग आकार और आकर्षक स्वरूप की प्रतिमाएँ तैयार की थीं, जिन्हें लोगों ने उत्साह से खरीदा।

### भक्तिमय माहौल में सामाजिक एकता की झलक

गणेश उत्सव को लेकर न केवल हिंदू समाज बल्कि अन्य समुदायों के लोग भी बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।



जगह-जगह श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जा रहा है। युवा वर्ग आयोजन में विशेष भूमिका निभा रहा है और पंडालों की सजावट से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक की जिम्मेदारी संभाल रहा है।

### सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

लोरमी पुलिस प्रशासन द्वारा भीड़भाड़ वाले इलाकों एवं प्रमुख पंडालों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नगर के मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने हेतु जवान तैनात किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### पूरे जिले में पर्व का उल्लास

लोरमी मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों तक गणेशोत्सव की धूम है। गांव-गांव में घरों के आंगन और चौपालों में गणेश जी की स्थापना कर ग्रामीण भक्ति गीत गा रहे हैं। वहीं नगर में बड़े-बड़े पंडाल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। गणेश उत्सव की इस पावन घड़ी में हर ओर ÷गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया÷ के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है। श्रद्धालु विश्वास जता रहे हैं कि बप्पा की कृपा से जिले में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहेगी।

### शिक्षा विभाग का लिपिक निलंबित

**कांकेर, 3 सितम्बर ।** जिले में स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थापना के प्रकरण में नियम विरुद्ध कार्य करने वाले लिपिक को जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार सहायक शिक्षक (एल.बी.) से प्रधान पाठक पदोन्नति में काउंसिलिंग आधारित पदस्थापना प्रकरण में नियम विरुद्ध पदस्थापना संशोधन करने के मामले में शासकीय हाई स्कूल मांझापारा कांकेर (संबद्ध कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर) में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 श्री प्रकाश तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

## एक नजर

### चार वर्षीय ऋत्वी अग्रवाल के कथक नृत्य में सुर ताल और लय का अद्भुत संगम



**रायगढ़, 3 सितम्बर।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह 2025 के छठवें दिन मंच पर ऐसी प्रस्तुति हुई जिसने दर्शकों के हृदय को गहराई तक छू लिया। महज चार वर्ष रायगढ़ की नन्हीं बालिका ऋत्वी अग्रवाल ने अपने कथक नृत्य से सुर, ताल और लय का ऐसा अद्भुत संगम प्रस्तुत किया कि पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। ऋत्वी इस वर्ष के समारोह की सबसे कम उम्र की प्रतिभागी हैं। महज तीन वर्ष की उम्र से ही वे रायगढ़ की प्रख्यात नृत्य प्रशिक्षिका तब्बू परवीन से कथक की विधिवत शिक्षा ले रही हैं। छोटी-सी उम्र में ही उनकी ऊर्जावान अभिव्यक्ति, सधी हुई भाव-भंगिमाएं और आत्मविश्वास से भरा मंचन उन्हें विशेष बनाता है। ऋत्वी को अब तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

### काउंसिलिंग सह पंजीयन 8 सितंबर को

**धमतरी, 3 सितम्बर ।** राज्य शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जिले के प्रत्येक पंचायतों में नल-जल मित्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित पात्र युवाओं को बहु-कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रदेश के सभी लाईवलीहुड कॉलेजों के माध्यम से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर सह अध्यक्ष श्री अबिनाश मिश्रा ने धमतरी जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित कि है कि वे अपने जनपद क्षेत्र से पंचायतों में नल-जल मित्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित पात्र ऐसे युवाओं, जिनका अब तक प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन्हें आगामी 8 सितम्बर को सुबह 10 बजे लाईवलीहुड कॉलेज में काउंसिलिंग सह पंजीयन के लिए उपस्थत कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशानुरूप जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चयनित नल-जल मित्रों को जल्द से जल्द प्रशिक्षण शुरू किया जा सके।

### स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण प्राप्त करने 15 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर, 3 सितम्बर ।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए ऋण सहायता हेतु 15 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत् ऋण प्रदाय किया जाएगा।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदक को संबंधित जाति वर्ग तथा जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की पारिवारिक वार्षिक आय शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख 50 हजार रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र जारी नहीं होने पर सरपंच एवं पटवारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र मान्य होगा। आवेदक की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक आवेदक को जन्मतिथि दर्शित पांचवी, आठवीं व दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र, 02 पासपोर्ट साईज की फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ 10 रूपए के स्टाम्प पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लेने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपरोक्त पात्रता एवं शर्तें रखने वाले आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर, कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन के प्रथम तल, कक्ष क्रमांक 06 में कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर 3 सितम्बर।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सरोना तहसील के ग्राम अभनपुर निवासी 50 वर्षीय श्रीमती बिसमोबाई नेताम की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित माखनलाल नेताम के लिए चार लाख रुपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### जिले में 1050.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 3 सितम्बर।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 सितम्बर तक 1050.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.9 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1214.3 मिली मीटर, पुसौर में 1119, खरसिया में 957.7, घरघोड़ा में 1033.5, तमनार में 775, लैलूंगा में 921.7, मुकडेगा में 1252.1, धरमजयगढ़ में 883.6, छाल में 959.6 एवं कापू में 1385.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# नेवता भोज में बच्चों को परोसा स्वादिष्ट भोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 3 सितंबर।** मौली माता मंदिर स्कूल में न्यौता भोज का आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों की थाली में फल के साथ स्वादिष्ट भोजन परोसा गया।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मौली मंदिर तिल्दा बस्ती में न्यौता भोज का आयोजन यादव जी पेट्रोल पंप के संचालक द्वारा इंडियन आयल के स्थापना दिवस के अवसर पर अशोक यादव एवं श्रीमती ममता यादव के सहयोग से बच्चों को खीर, पूड़ी, सब्जी और फल का वितरण किया गयाइस भोज के जरिए स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट भोजन के साथ कई विशेष व्यंजन उनके थाली में परोसे गए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन आयल के अधिकारी चीफ मैनेजर रायपुर डिविजनल ऑफिस मार्टिन गंगते जी(विक्रय अधिकारी),नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति चंद्रकला वर्मा श्रीमति शैल महेंद्र साहू जी ,जिला पंचायत सभापति,दिनेश साहू,संतोष यदु,प्रेम कोशल,ईश्वर यदु,दीपक राज पांडे जीसीनियर मैनेजर एवं पार्षद गण उपस्थित रहे अशोक यादव ने कहा की कहा कि नेवता भोज से पालक स्कूलों से जुड़ते हैं।तथा बच्चों को मध्यान्ह भोजन में नवीनता मिलती है।अधिक से अधिक लोगों को नेवता भोज का आयोजन करना चाहिए। कार्यक्रम में यादव जी पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों के साथ साथ स्कुल के शिक्ष क शिक्षिकाये तथा जनप्रतिनिधिगण और यादव परिवार उपस्थित रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कुमार यादव जी के पिताजी भूतपूर्व सैनिक जगदीश यादव किशोर यादव सन्नी यादव ममता यादव सीमा यादव कीर्ति यादव जशु यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उल्लेखनीय है की इंडियन आयल कम्पनी द्वारा रसोई गैस कृषि एवं उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा है

# जिले में 15 नए आंगनबाड़ी केन्द्रों का होगा संचालन, कलेक्टर ने दी स्वीकृति

**मोहला, 3 सितम्बर ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की मांगों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के तीन परियोजना में 15 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन की स्वीकृति दी है। जिसमें मोहला में पांच, मानपुर में सात तथा अंबागढ़ चौकी के तीन आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल है।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया है कि स्वीकृत केन्द्रों को पोषण ट्रेकर एवं सुशासन तिहार पोर्टल में अपडेट कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति अतिशीघ्र पूर्ण की करें। जिले में नए आंगनबाड़ी केन्द्र खुलने से अब माताओं एवं बच्चों को सुविधा मिलेगी। वही गांव में ही पूरक पोषण आहार, स्वास्थ्य परामर्श, टीकाकरण एवं शिक्षा जैसी सेवाएं भी आसानी से उपलब्ध हो पाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य बेहतर होगी।उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने संबंधी आवेदनों प्राप्त हुए थे। जिसका निराकरण करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने स्वीकृति प्रदान की है।जिले में युक्तियुक्तकरण के तहत ग्रामों में आंगनबाड़ी केन्द्रों का समायोजन किया गया है।

# रिश्वत लेते पटवारी संघ का अध्यक्ष गिरफ्तार



**खैरागढ़,3 सितंबर।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को खैरागढ़ में जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष और पटवारी धर्मेंद्र कांडे को रिश्वतखोरी के मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार किया. अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया ग्राम डोकरा भाटा निवासी भागचंद कुर्रे अपने ज़मीन संबंधी कार्य को लेकर कई दिनों से पटवारी धर्मेंद्र कांडे से संपर्क कर रहा था. पटवारी ने काम कराने के एवज में पहले 10 हज़ार रुपए की मांग की थी. बाद में सौदा 9 हज़ार रुपए में तय हुआ. शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना एसीबी को दी. योजना के तहत आज पीड़ित भागचंद कुर्रे ने अपना बाज़ार के ऊपर स्थित पटवारी कार्यालय में जाकर आरोपी को 9 हज़ार रुपए सौंपे. रुपए लेने के बाद धर्मेंद्र कांडे कलेक्टर कार्यालय की एक बैठक में चला गया. एसीबी की टीम ने मौके पर दबिश देते हुए कलेक्टर कार्यालय से ही आरोपी पटवारी को रिश्वत की राशि सहित गिरफ्तार कर लिया.सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि धर्मेंद्र कांडे जिला पटवारी संघ का अध्यक्ष भी है. यानी जो संगठन अपने साथियों को ईमानदारी और पारदर्शिता की सीख देने का दावा करता है, उसका ही मुखिया घूस लेते पकड़ा गया. इस घटना ने पूरे प्रशासनिक तंत्र की नीयत पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

# बैठक में पीएम मोदी के जन्मदिवस को यादगार बनाने लिए कई निर्णय



**तिल्दा नेवरा, 3 सितंबर।** तिल्दा नेवरा/ तिल्दा नेवरा निवासी राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच के रायपुर जिला अध्यक्ष आशा देवी साहू एवं दास जी साहू प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ , व प्रदेश प्रभारी छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं मध्यप्रदेश, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी , डॉ राकेश दास जी मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना रायपुर में राजकुमार शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र मोदी विचार मंच द्वारा सभी 28 संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष और सभी कार्यकर्ताओं को अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने के लिये निवेदन पूर्वक आग्रह किया था उनके आग्रह को स्वीकार करते हुये लगभग 150 लोग आज इस बैठक में उपस्थित हुये इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के 75 वे जन्मदिवस के कार्यक्रम को ऐतिहासिक यादगार के रूप में मनाने का लक्ष्य रखा गया , और जन्मदिन पर क्या-क्या कार्य किया जाये किस-किस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीओ को क्या-क्या जिम्मेदारी दी जा सकती है और कौन-कौन से कार्यकर्ता व पदाधिकारी क्या काम कर सकते हैं इस दौरान 16 से 20 खेलों के लिये अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किये गये और सभी प्रभारी से निवेदन किया गया कि अपने नीचे 10 और लोगों का भी टीम बनाये सभी सरकारी स्कूलों सभी गैर सरकारी स्कूलों में जाकर निशुल्क भारतीय खेल गैर परंपरागत खेल का आयोजन किया जाये इस बारे में रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति जी से चर्चा करने के लिये टीम का गठन किया गया , रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी साहू जी एवं दास जी साहू द्व प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ ने कार्यक्रम में पधारे समस्त कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये आभार व्यक्त किये।

# प्रभारी कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं

**महासमुंद, 3 सितंबर ।** प्रभारी कलेक्टर श्री हेमंत नंदनवार ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 51 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। उन्होंने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा, श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

जन चौपाल में पिथौरा निवासी जितेन्द्र चौहान ने पेंशन का लाभ दिलाने, कोमाखान निवासी चंद्र कुमार साहू ने वन अधिकार मान्यता पत्र हेतु, ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर पिथौरा निवासी ललित कुमार सिंह ने राशन कार्ड में नाम दर्ज कराने, ग्राम उड़ेला बसना निवासी श्री शिव प्रसाद नाग द्वारा बीमा की राशि दिलाने हेतु एवं ग्राम लोहारडीह तुमगांव के ग्रामवासियों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किए ।

### उचित मूल्य की दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**मोहला 3 सितम्बर ।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला ने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान बोड़ेगांव, विकासखण्ड मानपुर का संचालन स्वामित्व रिक्त होने पर इच्छुक संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 20 सितम्बर 2025 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानपुर में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। संचालन के लिए ग्राम पंचायत, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियां अधिकृत संस्था होगी। ग्राम पंचायत द्वारा दुकान संचालन की स्थिति में स्वयं दुकान संचालन करना होगा। जिसमें दो महिला सदस्यों सहित सरपंच, पंच, पंचायत सचिव, गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले कार्डधारी एवं अन्त्योदय कार्डधारी व्यक्ति, सदस्य होंगे।

# चाकू दिखाकर लोगों को डरा रहे दो बदमाश गिरफ्तार





**भिलाई, 3 सितंबर।** भिलाई नेवई पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर चाकू दिखाकर धमकाते हुए दो बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया कि थाना नेवई पुलिस को नेवई बैकुंठ धाम के पास वाली नर्सरी के पास सार्वजनिक स्थान पर खुले आम लोगों में दहशत बनाने के लिए एक व्यक्ति धारदार हथियार लहराकर डराने धमकाने की सूचना पर मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम केवल दास मानिकपुरी उर्फ भोला निवासी स्टेशन मरोदा बीआरपी कालोनी के पास का बताया आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चापड़ को जब्त किया है इसी प्रकार नेवई डेम के पास श्रवण गंगराई नामक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर आम लोगों के समक्ष लोहे के धारदार हथियार लहरा रहा है। सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम श्रवण गंगराई निवासी स्टेशन मरोदा एचएससीएल कालोनी नेवई बताया उसके कब्जे से एक धारदार लोहे का चापड़ को जब्तकर किया है

### स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही

# सरकारी अस्पताल में एंबुलेंस ड्राइवर ने मरीज को लगाया टांका



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है. जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबाहरा में एक एंबुलेंस ड्राईवर ने घायल मरीज के सिर में टांका लगाया. जिसकी तस्वीर अब सोशल मीडिया में वायरल हो रही है. तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि ड्रेसर और उसके हेल्पर के मौजूदगी में एंबुलेंस ड्राइवर मरीज के सिर पर टांके लगा रहा है. इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य महकमे की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.

जानकारी के अनुसार, यह घटना 12 अगस्त की रात लगभग 10 बजे की है, जब सड़क हादसे में घायल नोमेश ध्रुव को 112 की मदद से अस्पताल लाया गया था. उपचार के दौरान टांका लगाने की जरूरत पड़ी, लेकिन यह काम अस्पताल स्टाफ की बजाय प्राइवेट एंबुलेंस चालक मनोज यादव द्वारा किया गया. इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। मामला सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबाहरा के बीएमओ ने कहा कि जैसे ही यह मामला संज्ञान में आया, तुरंत जांच टीम गठित कर दी गई है. जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

वहीं, जिला चिकित्सा अधिकारी (CMHO) ने कहा कि मरीज को टांका लगाने वाले चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया गया है. साथ ही सभी बीएमओ को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। इस घटना के बाद लोगों में स्वास्थ्य विभाग को लेकर नाराजगी बढ़ गई है. आमजन सवाल उठा रहे हैं कि आखिर एंबुलेंस चालक माइनर ओटी तक कैसे पहुंचा। जब ड्रेसर मौजूद था तो टांका चालक से क्यों लगवाया गया। उस समय ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर क्या कर रहे थे। बता दें, यह स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही का यह पहला मामला नहीं है. इससे पहले हाल ही में गरियाबंद जिले में भी ऐसी ही घटना सामने आई थी. लगातार हो रही लापरवाहियों के बावजूद स्वास्थ्य महकमा अब तक सबक लेता नजर नहीं आ रहा है।

# लोकल से वोकल और महिला सशक्तिकरण की मिसाल

**धमतरी, 3 सितम्बर।** धमतरी जिले के ग्राम चटोद में स्थानीय महिलाएँ अब पर्यावरण अनुकूल ग्रीन पटाखों के निर्माण में संलग्न हैं। यह पहल प्रदूषण मुक्त त्योहार और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का नया अवसर साबित हो रही है।

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा आज श्री गणेशा फायरवर्क्स यूनिट पहुँचे और वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कामकाजी महिलाओं से संवाद कर निर्माण प्रक्रिया एवं गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की तथा मौके पर ग्रीन पटाखा चलाकर उसकी सुरक्षा और प्रभाव का अनुभव भी किया।गणेशा फायरवर्क्स को 5 एकड़ जमीन लीज पर मुहैया करायी गयी है ।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मैनेजमेंट और अधिकारियों को निर्देश दिए कि फैक्ट्री परिसर में अग्नि शमन की मजबूत व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहे। समय-समय पर मॉक ड्रिल कराई जाए और माचिस जैसे ज्वलनशील पदार्थ परिसर में लाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। सुरक्षा संबंधी सूचनाओं के बोर्ड प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएँ। एसडीएम कुरूद नभ सिंह साथ थे।

# जिले के 5 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते 5 पदक



**महासमुंद 3 सितंबर ।** पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा 14वीं जूनियर एवं सब-जूनियर नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 29 से 31 अगस्त तक अटल बिहारी वाजपेई दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र, ग्वालियर में किया गया। इसमें महासमुंद जिले की समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था फॉर्च्यून फाउंडेशन कर्मापटपर बागबाहरा के 05 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 05 पदक जीते।संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षक और मैनेजर निरंजन साहू ने बताया कि दल में 3 बालक एवं 2 बालिका खिलाड़ी शामिल थे। इनके साथ कोच मैनेजर व गाइड रनर देवेंद्र ठाकुर और मेघराज यादव, सहायक स्टाफ दिव्य लोचन और रश्मि साहू भी मौजूद रहे।

जिसमें टी-11 कैटेगरी, जूनियर पुरुष वर्ग में सुखदेव ने 400 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किए। टी-12 कैटेगरी में निखिल कुमार यादव ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रकार टी-2 कैटेगरी में नोशन लाल पटेल ने 1500 मीटर दौड़ में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया तथा सब-जूनियर महिला वर्ग टी-12 कैटेगरी में नीलम टंडन ने 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। टी-11 कैटेगरी में देवमोती ने लॉन्ग जम्प में कांस्य पदक हासिल किया। बतादें कि सुखदेव ने इससे पहले 7वीं ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 11-12 जुलाई 2025, बेंगलूरु में भी 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# जिले में दिव्यांगों के लिए 5 दिवसीय बांस कला प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**महासमुंद 3 सितम्बर ।** जिले में दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने की पहल के तहत बांस कला प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारंभ 01 सितम्बर से किया गया हैं।

उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला स्थानीय शासकीय बहुदिव्यांग विशेष विद्यालय महासमुंद के सभागार में 01 सितम्बर से 05 सितम्बर 2025 तक आयोजित की जा रही है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में जिले भर से आए दिव्यांग प्रतिभागियों को बांस से विभिन्न सजावटी सामग्री जैसे गुलदस्ते, फूल, टोकरी, पेन स्टैंड, ट्रे, तोरण एवं डेकोरेटिव वाल हैंगिंग आदि बनाने और रंगाई की विधियां सिखाई जा रही हैं। प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय बांस कलाकार श्री घासीराम कमार, निवासी सोनासिल्ली को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने भुवनेश्वर (उड़ीसा), बिलासपुर, पिथौरा, बागबाहरा एवं आंवराडबरी सहित विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण प्रदान किया है। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. वृन्दावन पटेल ने बताया कि दिव्यांग प्रतिभागी उत्साहपूर्वक इसमें भाग ले रहे हैं और भविष्य में इसे रोजगार का माध्यम बनाएंगे।

# कलेक्टर ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में गणेश प्रतिमा विसर्जन और ईद मनाने की अपील की

**कांकेर 3 सितम्बर।** कांकेर नगर में दस दिवसीय गणेशोत्सव और ईद-ए-मिलादुन्नबी पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आहूत की गई, जिसमें उन्होंने सभी वर्गों से पूर्व वर्षों की भांति परस्पर सामाजिक समरसता, भाईचारा और सौहार्द्र के साथ पर्वों का आयोजन करने की अपील की। साथ ही सभी समितियों के आयोजकों से आवश्यक व अपेक्षित सहयोग करने और शासन द्वारा निर्धारित नियमों व कानूनों का पालन करने की बात कही।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा कि बिना तथ्यात्मक पुष्टि के सोशल मीडिया के माध्यम से अपुष्ट अफवाहें और भ्रामक समाचार प्रसारित नहीं किया जाए ताकि किसी प्रकार का प्रतिकूल वातावरण निर्मित न हो। कलेक्टर ने ऐसे मेसेज कंटेंट से सावधान रहने का भी आग्रह किया, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों। उन्होंने मूर्ति विसर्जन के संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा निर्धारित नियमों व दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए समिति के पदाधिकारियों से आवश्यक सहयोग करने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे, धुमाल, हाईबेस वूफर साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं किया जाए। इसी तरह मूर्ति विसर्जन, शोभायात्रा, जुलूस एवं झांकी प्रदर्शन के लिए रूट चार्ट आदि हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से माइक्रो प्लानिंग की जाएगी, जिसमें इस दौरान सभी आवश्यक सेवाओं, सुविधाओं, सुरक्षा पहलुओं, पार्किंग, रूट चार्ट आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर ने सभी आयोजकों से मूर्ति विसर्जन और शोभायात्रा रात्रि दस बजे तक सम्पन्न कराने के लिए कहा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने एनजीटी के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन समितियों को जिला प्रशासन के सक्षम प्राधिकारी से विधिवत् अनुमति लेनी होगी। यह भी बताया गया कि शोभायात्रा, जुलूस में एनजीटी द्वारा पारित निर्णयानुसार लाउड स्पीकर यंत्रों की सीमा 10 डेसिबल ए/75 डेसिबल (ए) होगी। ध्वनि एवं पर्यावरण प्रदूषण रोकने रात्रि 10 बजे तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिसका सभी आयोजन समिति अनिवार्यतः पालन करें। उन्होंने यह भी बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान सभी प्रकार के आयोजन की जानकारी जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के संज्ञान में लाना अनिवार्य है तथा सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बाद ही स्वागत द्वार, मंच-पंडाल का निर्माण व सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

एक नजर

## अश्विन और वॉर्नर का फिर हो सकता है आमना-सामना



**नई दिल्ली, 3 सितंबर।** रविचंद्रन अश्विन ने जब साल 2024 के आखिर में इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया था तो इस समय सभी को उम्मीद थी कि वह आईपीएल में अगले कुछ साल तक खेलते हुए नजर आएंगे। हालांकि अश्विन के लिए साल 2025 का आईपीएल सीजन बिल्कुल भी उम्मीद के अनुसार नहीं रहा जिसके बाद उनको चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से अगले सीजन से पहले रिलीज करने की भी खबरें सामने आ रही थी। अश्विन ने इन सभी खबरों पर उस समय विराम लगा दिया जब उन्होंने आईपीएल से भी अपने संन्यास का ऐलान कर दिया। वहीं इसी के बाद से अश्विन के विदेशी टी20 लीग में हिस्सा लेने की चर्चा भी देखने को मिल रही है, जिसमें अब ऑस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली बिग बैश लीग का नाम भी शामिल हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के टॉड ग्रीनबर्ग ने क्रिकबज को दिए अपने बयान में बताया कि रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी को बिग बैश लीग में लाना हमारे लिए कई तरीके से खास हो सकता है। अश्विन ने रिटायरमेंट का ऐलान करने के बाद विदेशी लीग में खेलने के संकेत दिए थे। वह एक चैंपियन खिलाड़ी हैं जिनके बीबीएल में खेलने से इस लीग का रोमांच और भी बढ़ जाएगा।

# ट्राई सीरीज, अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रनों से हराया

## जादरान-अटल ने 113 रन की साझेदारी की, राशिद, नूर और नबी ने लिए 2-2 विकेट

**नई दिल्ली, 3 सितंबर।** शारजाह में खेले गए ट्राई सीरीज टी-20 मैच में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हराया। अपने देश में हाल ही में हुई त्रासदी के बीच यह जीत अफगान खिलाड़ियों के लिए बेहद खास रही। टीम की जीत में बल्लेबाज इब्राहिम जादरान और सिदीकुल्लाह अतल की 113 रन की साझेदारी और फिर स्पिन गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। पाकिस्तानी टीम 9 विकेट के नुकसान पर 151 रन ही बना सकी।

अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और चौथे ओवर तक अफगानिस्तान का स्कोर मात्र 18 रन था, जिसमें रहमानुल्लाह गुरबाज का विकेट भी शामिल था। इसके बाद जादरान (65 रन) और अतल (64 रन) ने मोर्चा संभाला। दोनों ने धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाया।

14वें ओवर में सूफियान मुकीम के खिलाफ 20 रन बटोरकर दोनों ने अपनी साझेदारी को और मजबूत किया। यह 113 रन की साझेदारी अफगानिस्तान की टी-20



इतिहास में दूसरी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी बन गई। हालांकि, इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका।

जहां एक ओर पाक गेंदबाज लगातार पिटते रहे, वहीं फहीम अशरफ ने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। उन्होंने 4 ओवर में 4 विकेट लिए और 18 रन ही खर्च किए। उन्होंने अतल और जादरान जैसे सेट बल्लेबाजों को आउट कर पाकिस्तान को वापसी का मौका दिया। अफगानिस्तान की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए।


**अफगान स्पिनरों ने की बेहतर गेंदबाजी**

170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही। फजलहक फारूकी ने पहले ही ओवर में सैम अय्यूब को शून्य पर आउट किया। इसके बाद स्पिन तिकड़ी राशिद खान, नूर अहमद और मोहम्मद नबी ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों पर शिकंजा कस दिया।

पाकिस्तान 62 रन पर 2 विकेट खोने के बाद संभलता दिखा, लेकिन आठवें ओवर में मोहम्मद नबी ने फखर जमान (23) को आउट किया और यहीं से अफगानिस्तान की पकड़ मजबूत हो गई। इसके बाद नूर अहमद और राशिद खान ने मिलकर लगातार विकेट झटके और पाकिस्तान का स्कोर 82/6 कर दिया।

पाकिस्तान की टीम जब 111/9 पर सिमटने के कगार पर थी, तब हारिस रऊफ ने 16 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाकर स्कोर को 150 से ऊपर पहुंचाया। हालांकि, उनकी पारी टीम को जीत तक नहीं ले जा सकी और पाकिस्तान 18 रन से हार गया।

## यूएस ओपन : बिना मैच खेले इस खिलाड़ी को मिली सेमीफाइनल में एंट्री



**न्यूयॉर्क, 3 सितंबर।** यूएस ओपन 2025 अब अपने आखिरी पड़ाव की तरफ बढ़ चुका है, जिसमें महिला सिंगल्स में 21 साल के बाद एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसकी किसी ने भी उम्मीद नहीं की थी। डिफेंडिंग चैंपियन और मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका का क्वार्टर फाइनल मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा के खिलाफ था, लेकिन इस मैच में एक भी सेट तक नहीं हुआ और सबालेंका को सेमीफाइनल के लिए वॉकओवर मिल गया। इसी के साथ सबालेंका अब ग्रैंज स्लैम के इतिहास में सिर्फ तीसरी ऐसी महिला खिलाड़ी बन गई हैं जिनको सेमीफाइनल मुकाबले के लिए वॉकओवर मिला। चेज रिपब्लिक की 26 साल की महिला टेनिस खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रोसोवा ने यूएस ओपन 2025 में क्वार्टर फाइनल तक का सफर काफी शानदार तरीके से किया था जिसमें उन्होंने जैस्मीन पाओलिनी और एलेना रयबाकिना में बेहतरीन जीत हासिल की थी। हालांकि क्वार्टर फाइनल मैच से ठीक एक दिन पहले प्रैक्टिस के दौरान वह अपने घुटने को चोटिल कर बैठी। ईएसपीएन की रिपोर्ट के अनुसार वोंद्रोसोवा मैच से बाहर होने के बाद काफी भावुक भी दिखाई दी। वहीं उन्होंने इस मैच से बाहर होने के बाद दिए अपने बयान में कहा कि मैंने आज कोर्ट पर उतरने की पूरी कोशिश की लेकिन वॉर्म-अप के दौरान मुझे घुटने में काफी दर्द का एहसास हुआ। मैंने डॉक्टर से सलाह लेने के बाद इस मुकाबले में ना खेलने का फैसला लिया। महिला ग्रैंड स्लैम के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी को सेमीफाइनल मैच के लिए वॉकओवर मिलना अब तक सिर्फ तीसरी बार देखने को मिला है, जिसमें यूएस ओपन के इतिहास में ये पहली बार हुआ है। इससे पहले साल 1992 और 2004 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अरांत्क्सा सांचेज विकारियो और फैबियोला जुलुआगा को वॉकओवर मिला था। अब इस लिस्ट में आर्यना सबालेंका का भी नाम शामिल हो गया है।

## एशिया कप में हार्दिक पांड्या के पास बड़ा कारनामा करने का मौका

**नई दिल्ली, 3 सितंबर।** भारतीय टीम के खिलाड़ी 4 सितंबर को एशिया कप 2025 में हिस्सा लेने के लिए दुबई पहुंचेंगे। लिमिटेड ओवर्स फॉर्मेट में टीम इंडिया काफी लंबे समय के बाद खेलते हुए नजर आएगी, जिसमें कई खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजरें रहने वाली हैं। इसी में एक नाम स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी हार्दिक पांड्या का भी शामिल है, जिन्होंने पिछले कुछ सालों में गेंद और बल्ले दोनों से टीम इंडिया के लिए एक मैच विनर खिलाड़ी की भूमिका को अदा किया है। हार्दिक पांड्या के पास आगामी एशिया कप में बल्ले से एक बड़ा मुकाम हासिल करने का भी मौका रहेगा, जिसमें वह रोहित शर्मा और विराट कोहली के क्लब का हिस्सा बन सकते हैं।

हार्दिक पांड्या का टी20



इंटरनेशनल में रिकॉर्ड बल्ले से देखा जाए तो उन्होंने अब तक 114 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्हें 90 पारियों में बल्लेबाजी करने का मौका मिला है और उसमें उन्होंने 27.87 के औसत से 1812 रन बनाए हैं। इस दौरान हार्दिक के बल्ले से पांच अर्धशतकीय पारियां देखने को मिली हैं। वहीं हार्दिक अभी तक टी20 इंटरनेशनल में 135 चौके और 95 छक्के लगाने में कामयाब हुए हैं। ऐसे में हार्दिक पांड्या यदि एशिया कप 2025 में 5 छक्के और लगाने में कामयाब होते हैं तो वह टी20 इंटरनेशनल में 100 सिक्स पूरे करने वाले भारतीय टीम के चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे। टीम इंडिया की तरफ से अब तक रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली ही ये कारनामा करने में कामयाब हो सके।

एशिया कप इस बार टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। ऐसे में हम हार्दिक पांड्या का रिकॉर्ड देखे तो उन्होंने 8 मैचों में खेलते हुए 16.60 के औसत से जहां कुल 83 रन बनाए हैं, तो वहीं उनका गेंदबाजी में प्रदर्शन देखा जाए तो उसमें 18.81 के औसत से 11 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। ऐसे में हार्दिक से आगामी एशिया कप में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है।

## जोकोविच 14वीं बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

### जिमी कोनर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की, अब अल्काराज से होगा सामना

**न्यूयॉर्क, 4 सितंबर।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स ओपन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गए है। उन्होंने मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हराया। यह उनका 14वां यूएस ओपन ओपन सेमीफाइनल है। उन्होंने इस जीत के साथ जिमी कोनर्स के सबसे ज्यादा 14 बार स ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। वहीं, स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने भी सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। जहां उनका सामना जोकोविच से होगा।

जोकोविच का यह कुल 53वां ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है। फ्रिट्ज के



खिलाफ उनका अब तक का रिकॉर्ड 11-0 का हो गया है। मैच के दौरान उन्होंने दर्शकों की ओर से शोरगुल पर नाराजगी जताई, लेकिन अपनी लय बनाए रखी। जीत के बाद जोकोविच ने अपनी बेटी तारा के आठवें जन्मदिन पर खास अंदाज में डांस किया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना स्पेन के युवा स्टार अल्कराज से होगा।

अल्कराज ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका को सीधे सेटों में मात देकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने लेहेका को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने अब तक कोई सेट नहीं गंवाया है।

आर्यना सबालेंका को विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में मार्केटा वोंद्रौसोवा के खिलाफ वॉकओवर मिला। 2023 विंबलडन चैंपियन वोंद्रौसोवा को प्रैक्टिस के दौरान घुटने में चोट लग गई थी, जिससे वो क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नहीं उतर सकीं। अब सबालेंका का सामना सेमीफाइनल में चौथी सीड जेसिका पेगुला से होगा।

## व्यापार

# जीएसटी कलेक्शन में बंपर उछाल

## अगस्त में सरकारी खजाने में आए 1.86 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली, 03 सितंबर ।** अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेतों के बीच माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कलेक्शन में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 में सकल जीएसटी वसूली 6.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़ रुपये रही। पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 1,74,962 करोड़ रुपये था।

आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त महीने में घरेलू बाजार के सौदों से जीएसटी कलेक्शन में 9.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिससे सरकार को 1,36,962 करोड़ रुपये मिले। इसमें केंद्रीय जीएसटी का हिस्सा 34,076 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (स्त्रस्ज्ञ) का 42,854 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी का 48,639 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा उपकर (ष्ट्रद्गह्यह्य) के तौर




पर 11,392 करोड़ रुपये की वसूली हुई। हालांकि, आयात पर आईजीएसटी कलेक्शन में 1.2 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई और यह 49,354 करोड़ रुपये रहा। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड के बाद सरकार को मिला शुद्ध जीएसटी राजस्व अगस्त में 1,66,956 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के 1,50,791 करोड़ रुपये की तुलना में 10.7 प्रतिशत अधिक है। इस महीने कुल रिफंड की राशि 19,359 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल के मुकाबले 19.9 प्रतिशत कम है, जिससे शुद्ध राजस्व में बढ़ोतरी हुई है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों (अप्रैल से अगस्त) में कुल सकल जीएसटी राजस्व 9.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,04,414 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया है। वहीं, इस अवधि में शुद्ध राजस्व 8.8 प्रतिशत बढ़कर 8,78,096 करोड़ रुपये रहा है।

## सिट्रॉएन इंडिया ने एचडीएफसी बैंक के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली, 3 सितंबर।** वाहन स्वामित्व को सरल बनाने और ग्राहकों और डीलरों दोनों के लिए वित्तीय पहुँच बढ़ाने के साझा दृष्टिकोण के साथ सिट्रॉएन इंडिया ने सर्वश्रेष्ठ खुदरा और डीलर वित्त समाधान प्रदान करने के लिए भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी की है। यह रणनीतिक कदम स्टेलंटिस-एचडीएफसी गठबंधन को और मजबूत करता है, जिससे एचडीएफसी बैंक भारत में जीप, मासेराती और अब सिट्रॉएन सहित सभी स्टेलंटिस ब्रांडों के लिए एकमात्र पसंदीदा वित्तपोषक बन गया है।

इस समझौता ज्ञापन पर स्टेलंटिस इंडिया के बिजनेस हेड और डायरेक्टर - स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप्स & इंस्टीटूशनल बिज़नेस, श्री शिशिर मिश्रा और एचडीएफसी बैंक के बिजनेस हेड - ऑटो लोन, इन्वेंट्री फाइनेंस और टू-व्हीलर लोन, श्री अखिलेश कुमार रॉय ने हस्ताक्षर किए।

## श्रीराम चंद्र कर रहे हैं तेलुगु इंडियन आइडल-4 को होस्ट



**मुंबई, 3 सितंबर।** दो सीज़न होस्ट करने के बाद, श्रीराम चंद्र एक बार फिर सिंगिंग रियलिटी शो 'तेलुगु इंडियन आइडल' के चौथे सीज़न को होस्ट कर रहे हैं। अपनी हाज़िरजवाबी और करिश्माई अंदाज़ के लिए पसंद किए जाने वाले ये गायक एक बार फिर माइक संभालते दिखाई दे रहे हैं। श्रीराम खुद इंडियन आइडल के विजेता रह चुके हैं। उनका मानना है कि यह शो उन्हें एक नया रास्ता दिखाता है। वे कहते हैं, मुझे उस मंच पर खड़े होने का अनुभव है, जहाँ अब नए कंटेस्टेंट्स खड़े होंगे, इसलिए मैं समझ सकता हूँ कि वे किस दौर से गुज़र रहे होंगे। साथ ही, होस्ट बनने से मुझे अपने दर्शकों के साथ अलग तरीके से जुड़ने का मौका मिलता है और मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूँ।

**Notice**

**U/s. 72 of Indian Partnership Act, 1932**

Be it known to all that partnership firm **M/s. S.M.CONSTRUCTIONS, at Shop no. H-117, Indira Gandhi Vyavsayik Parisar, Pandri, Raipur (Chhattisgarh)** has undergone changes by which **Sajandas & Sons HUF (through Karta Shri Sajan das Waliramani** has withdrawn their partnership. And **rest of Partners are Continue the running of the said Partnership Firm M/s. S.M.CONSTRUCTIONS with all assests and Liabilitys**and style from on & w.e.f. 01/04/2025

**(Sajan das Waliramani)**
**(Partner)**

## न्युवोको विस्टास ने पूर्वी भारत में अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा की

**मुंबई, 3 सितंबर।** भारत की विश्वसनीय बिल्डिंग मटेरियल कंपनी और क्षमता के आधार पर देश की पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड ने अपनी व्यावसायिक रणनीति के अनुरूप पूर्वी भारत में विस्तार योजनाओं की घोषणा की। कंपनी सतत् विकास के लिए कई परियोजनाओं पर काम कर रही है, ताकि अपनी बाजार पहुंच और उपस्थिति को और विविध बनाया जा सके। न्युवोको विस्टास अपने अरसमेटा सीमेंट प्लांट में एक नई मिल जोड़ने और जोजोबेरा, पानागढ़ और ओडिशा सीमेंट प्लांट में डिबॉटलनेकिंग परियोजनाओं के जरिए पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रही है। कंपनी उपकरणों के उन्नयन, प्रक्रियाओं में सुधार और आंतरिक डिबॉटलनेकिंग पहलों के माध्यम से वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक लगभग 4 MMTPA की अतिरिक्त ग्राइंडिंग क्षमता जोड़ने की योजना बना रही है।

## रामकृष्ण केयर अस्पताल में नेफ्रोक्रिटिकल केयर रिव्यू कोर्स कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर 03 सितंबर।** रामकृष्ण केयर अस्पताल ने नेफ्रोक्रिटिकल केयर सोसाइटी के सहयोग से रायपुर में 5वें नेफ्रोक्रिटिकल केयर रिव्यू कोर्स का सामूहिक आयोजन किया। इस दो विशेष साहित्यिक कार्यक्रम का उद्देश्य नेफ्रोक्रिटिकल केयर और डायलिसिस प्रबंधन में विशेष विशेषज्ञता को शामिल किया गया था, जिसमें चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए वर्चुअल रियलिटी (वास्तविकता) और ऑगमेंटेड रियलिटी (ऑगमेंटेड रियलिटी) के एकीकरण पर ध्यान दिया गया है - जो भारत में अपनी तरह की पहली पहल है। साइकोलॉजी में किडनी - क्रॉस-टोक, अस्पष्टता और दंत चिकित्सा विषय पर आधारित इस पाठ्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय चिकित्सकों के एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल थे। जिसमें डॉ. संदीप दवे (चिकित्सा और प्रबंध निदेशक) डॉ. संजीव अनंत काले - नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. विशाल कुमार क्रिटिकल केयर एचओडी, डॉ. संतोष कुमार सिंह इमरजेंसी और ट्रॉमा एचओडी, डॉ. प्रवाश चौधरी नेफ्रोलॉजिस्ट, डॉ. अभिलाष कोराटाला (मेडिकल कॉलेज ऑफ विस्कॉन्सिन, अमेरिका), डॉ. के. आर. रामानाथन (नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़सिंगापुर), डॉ. वैलेंटाइन लोबो (केईएम अस्पताल, पुणे), डॉ. एम. रवि कृष्ण (केआईएमएस-आइकॉन अस्पताल, विशाखापत्तनम), और डॉ. सौरभ शर्मा (वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली) शामिल थे।

## भारत के सर्विस सेक्टर का ग्रोथ रेट 15 सालों के उच्च स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली, 3 सितंबर।** भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में बढ़कर 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। ये मांग की स्थिति में पर्याप्त सुधार के बीच नए ऑर्डर और उत्पादन में तेज बढ़ोतरी से प्रेरित रही। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वे में ये जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई के 60.5 से बढ़कर अगस्त में 62.9 पर आ गया। ये जून 2010 के बाद से विस्तार की सबसे तेज दर दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से



कम का आशय संकुचन से होता है।

सर्वे के अनुसार, अगस्त के दौरान मांग में उल्लेखनीय सुधार ने नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की वृद्धि को 15 साल में अपने उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' सेवा गतिविधि की वृद्धि दर 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। नए ऑर्डर में बढ़ोतरी के दम पर ये जुलाई के 60.5 से बढ़कर अगस्त में 62.9 हो गई। '' कीमतों के मोर्चे पर मुद्रास्फीति की दर 9 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस बीच, मांग में उछाल ने जुलाई 2012 के बाद से उत्पादन शुल्क में सबसे तेज वृद्धि को संभव बनाया। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक जुलाई के 61.1 के मुकाबले अगस्त में 63.2 रहा। ये 17 साल में विस्तार की सबसे तीव्र गति को दर्शाता है।

भंडारी ने कहा, '' अगस्त में समग्र पीएमआई 63.2 के 17 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया जो विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में मजबूत व्यापक-आधारित उत्पादन वृद्धि का संकेत देता है।''

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

**(प्रथम आमंत्रण)**

**दिनांक 01.09.2025**

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा डी श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.09.2025 तक है।

| एन.आई.टी.क्र. / निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 185 Tender No. 174685 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 12 मार्ग (01 राज्य मार्ग एवं 11 मुख्य जिला मार्ग) लंबाई 123.20 कि.मी. में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 130.00 लाख |
| NIT NO. 186 Tender No. 174686 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 22 मार्ग (अन्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्ग) लंबाई 66.93 कि.मी. में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 80.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

**अधीक्षण अभियंता,**
**लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)**
*आपकी थी चाह, हमने बनाई राह*

**जी-252603205/6**

## एक नजर

### बुजुर्ग के खाते से 80 हजार रुपए पार

**रायपुर, 3 सितम्बर ।** कंचन गंगा परिसर में अज्ञात दो व्यक्तियों ने एक बुजुर्ग के एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 80 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुसुमेंद्र सिंह बघेल 70 वर्ष कबीरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कंचन गंगा परिसर स्थित एटीएम मशीन में पैसा निकालने गया था, तभी अज्ञात दो व्यक्तियों ने तुम्हारा कार्ड एटीएम मशीन में फंस गया है कहकर निकालने का बहाना बनाकर कार्ड बदल दिया और उसके खाते से 80 हजार रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पार्किंग में खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 3 सितम्बर।** हिमालयन हाईट के पार्किंग में खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कुमारी गायत्री ध्रुव 51 वर्ष हिमालयन हाईट फेस 2 राजेन्द्र नगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 जेएफ 9758 को हिलायन हाईट के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए 1.16 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर, 3 सितम्बर।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण ने धमतरी जिले के कुरूद नगर पालिका में दो तालाबों के उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए एक करोड़ 16 लाख 25 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद सुडा ने कुरूद नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को राशि की मंजूरी के संबंध में परिपत्र जारी किया है। सुडा ने कुरूद में जलसेन तालाब के उन्नयन और सौंदर्यीकरण के लिए 62 लाख 29 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वहीं शहर के मरही तालाब के उन्नयन और सौंदर्यीकरण के लिए 53 लाख 96 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।



श्री महामाया विहार कॉलोनी, न्यू गायत्री नगर में विराजमान श्री गणेश की मनमोहक बाल रूप प्रतिमा न सिर्फ भक्तों के हृदय को आनंदित कर रही है, बल्कि श्रद्धालुओं के बीच आस्था और आकर्षण का विशेष केंद्र बनी हुई है।



विशाल विकास समिति बिरगांव रायपुर द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति गणेश स्थापना वैष्णो माता मंदिर में की गई एवं 02 सितंबर को सोसायटी के सभी सदस्यों द्वारा अपनी- अपनी सुसज्जित आरती थाली से संध्या आरती के साथ 56 भोग भी चढ़ाया गया।

# छत्तीसगढ़ जीरो पावर कट स्टेट से अब मुफ्त बिजली की ओर : सीएम साय

## मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर में संयुक्त पावर कंपनीज मुख्यालय भवन की रखी आधारशिला

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर सेक्टर-24 में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के संयुक्त मुख्यालय भवन का शिलान्यास किया। रजत जयंती वर्ष और गणेश चतुर्थी जैसे पावन अवसर पर सम्पन्न इस समारोह में उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और भवन का थ्री-डी मॉडल अनावृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को नई ऊँचाई देगा, तीनों पावर कंपनियों के बीच समन्वय को मजबूत करेगा और उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे सभी सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। उन्होंने इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मौलश्री पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 25 वर्षीय यात्रा यह प्रमाण है कि जब संकल्प और संवेदनशीलता साथ चलें तो परिणाम ऐतिहासिक होते हैं। वर्ष 2000 में प्रदेश केवल 1400 मेगावाट बिजली उत्पादन करता था, आज यह क्षमता बढ़कर 30 हजार मेगावाट हो गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में 1320 मेगावाट क्षमता के नए संयंत्र का शुभारंभ इस उपलब्धि को और सुदृढ़ करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की



यह प्रगति हर नागरिक के विश्वास, मेहनत और भागीदारी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सम्पन्न उनकी जापान और दक्षिण कोरिया यात्रा ने यह अनुभव कराया कि छत्तीसगढ़ अब वैश्विक स्तर की अधोसंरचना और कार्यसंस्कृति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। संयुक्त मुख्यालय भवन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भवन का निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए, ताकि यह ऊर्जा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बने।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नई उद्योग नीति के अंतर्गत पावर सेक्टर में हाल ही में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं। इसके परिणामस्वरूप आने वाले वर्षों में 30 हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन संभव होगा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल प्रदेशवासियों को 24 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराएगी बल्कि पड़ोसी राज्यों की ज़रूरतें भी पूरी करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने छत्तीसगढ़ को मुफ्त बिजली की ओर तेजी से अग्रसर कर दिया है और अब दूरस्थ अंचलों तक इस योजना का लाभ पहुँच रहा है।

वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने इस अवसर पर भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को राज्य निर्माण में उनके योगदान के लिए नमन किया। उन्होंने कहा कि लगभग 270 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन ग्रीन एनर्जी आधारित होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। कार्यक्रम में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री सुनील सोनी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, विधायक श्री अनुज शर्मा, विधायक श्री इंद्र कुमार साहू, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि संयुक्त मुख्यालय भवन 10,017 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में नौ मंजिला स्वरूप में निर्मित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड और पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के लिए तीन अलग-अलग टॉवर होंगे। 1300 कर्मचारियों की क्षमता वाले इस भवन में 210 सीटों का प्रेक्षागृह, कर्मचारियों के लिए जिम, दो मंजिला बेसमेंट पार्किंग, मैकेनिकल स्टैक पार्किंग और ई-व्हीकल चार्जिंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

### राजभवन में शिक्षक पुरस्कार देने की सभी तैयारियां पूर्ण

**रायपुर, 03 सितम्बर।** राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 5 सितम्बर को आयोजित करने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस अवसर पर 40 शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा। अगले वर्ष के लिए पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित 5 सितम्बर कार्यक्रम में मिडिल स्कूल की शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा सिंह को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 5 सितम्बर को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें राज्यपाल शिक्षामंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिक्षक दिवस पर दुर्ग की शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा सिंह को भी सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर शिक्षा जगत में अपनी छाप छोड़ी है। दुर्ग ज़िले के हनोदा स्थित सरकारी मिडिल स्कूल की शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा सिंह को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चयनित किया गया है।

# छत्तीसगढ़ को मिलेगा पहला प्लास्टिक पार्क

## अक्टूबर तक होगा पूरा निर्माण, मंत्री लखनलाल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 सितंबर।** मंत्री लखन लाल देवांगन ने मंत्रालय में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के विभागीय काम-काज की समीक्षा की. मंत्री देवांगन ने सीएसआईडीसी के अंतर्गत औद्योगिक पार्कों की स्थापना जानकारी लेते हुए रायपुर के उरला में 39 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क निर्माण की जानकारी लेते हुए इसे 30 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए. बैठक में उन्होंने प्रदेश में चार नए स्मार्ट इंडस्ट्रीयल एरिया का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए. इनमें जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम सीलादेही बिर्रा, गतवा राजनांदगांव जिले के ग्राम बीजेतला नवा रायपुर में प्रस्तावित फार्मास्युटिकल पार्क एवं बस्तर जिले के ग्राम नियानार शामिल है.

मंत्री देवांगन ने रजिस्ट्रार एवं फर्म संस्थाएं के कार्यों के समीक्षा करते हुए विभाग से जुड़ी शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी कार्यों को समयसीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए गए. साथ ही उन्होंने पैसों के लेनदेन की शिकायते आने पर निलंबन की कारवाई की सख्त हिदायत दी . मंत्री देवांगन ने बॉयलर के नियमित व सघन निरीक्षण के निर्देश दिए. उन्होंने 92 निवेश पत्र जारी किए गए नए उद्योगों के काम शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए. बैठक में उद्योग विभाग के संचालक प्रभात मलिक, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार, उद्योग विभाग के उप सचिव सु रेना जमीन, ओएसडी मती कमलेश नंदनी साहू, रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं की पंजीयक मती पदमनी भोई साहू, उद्योग विभाग के अपर संचालक आलोक त्रिवेदी प्रवीण शुक्ला एवं संतोष भगत सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए मैदानी अधिकारी उपस्थित थे.

उद्योग मंत्री देवांगन ने कोरबा में प्रस्तावित एल्युमिनियम पार्क की स्थापना के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि उत्पादन कम्पनी ने



अपने बोर्ड मिटिंग में बंद हो चुके पूर्व विद्युत संयंत्र के जमीन को उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने हेतु स्वीकृति मिल चुकी है, मंत्री ने जमीन हेंडओव्हर की प्रक्रिया जल्द पूरा कर एल्युमिनियम पार्क बनाने की दिशा में शीघ्र काम शुरू करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए. उद्योग मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में औद्योगिक पूंजी निवेश को बढ़ावा देने एवं निवेशकों को आकर्षित करने के लिए हाल ही में जापान एवं दक्षिण कोरिया का दौरा किए है. इससे वैश्विक स्तर पर प्रदेश की औद्योगिक नीति को पहचान मिली है. निवेश हब की और प्रदेश बढ़ रहा है .

मंत्री ने कहा कि निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ पसंदीदा राज्य बन चुका है. दिल्ली, मुबंई, बैंगलुरू के साथ रायपुर में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा चुका है. इन समिट के माध्यम से अब तक 6 लाख 65 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव राज्य को मिल चुके है. उन्होंने कहा कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति से प्रदेश में नया औद्योगिक वातावरण बन रहा है. इससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित होंगे. प्रदेश की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 लागू होने के पश्चात कम समय में ही प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण हो रहा है. उद्योग विभाग द्वारा सिंगल विन्डो सिस्टम लागू कर सरलीकरण किया गया है.

उद्योग मंत्री देवांगन ने बैठक में भू-आबंटन के ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों पत्रों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित समयावधि में उद्योग स्थापित नही करने वाले प्रकरणों में नोटिस के पश्चात भू-निरस्तीकरण की कार्यवाही तथा फ्री-होल्ड के आवेदनों का व्यवसायिक उपयोग नही होने के संबंध में सूक्ष्मापूर्वक परीक्षण करने के निर्देश दिए गए. बैठक के दौरान औद्योगिक विकास नीति के अंतर्गत अनुदान, छूट, रियायतों के प्रकरणों की प्रगति, बकाया, भू-भाटक की वसूली, औद्योगिक पार्कों की स्थापना की प्रगति, औद्योगिक भू-आबंटन की प्रगति, जिलों में भू-आबंटन एवं लंबित संयुक्त स्थल निरीक्षण की समीक्षा की. इसके अलावा उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्य, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फार्मलाईजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राईजेस, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना, विभिन्न अनुदान छूट एवं रियारतों की प्रकरणों की समीक्षा, राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड, वाष्प्यंत्र निरीक्षकायल के कार्यों की समीक्षा की.

# रायपुर, दुर्ग संभाग में भारी वर्षा की चेतावनी

## उत्तरी छत्तीसगढ़ में होगी अल्पवर्षा

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 सितम्बर।** मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि रायपुर और दुर्ग संभाग में आगामी 24 घंटे में भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है। वहीं बिलासपुर एवं बस्तर संभाग में भी अच्छी वर्षा होगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा ने बताया कि कम दबाव का क्षेत्र तथा द्रोणिका दक्षिणी क्षेत्र में सक्रिय होने के कारण फिलहाल अच्छी वर्षा हो रही है। उन्होंने बताया कि उत्तरी छत्तीसगढ़ में अपेक्षाकृत कम वर्षा होगी। इधर अगले 24 घंटो में कोण्डागांव, कांकेर, नारायणपुर, रायपुर, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ में भारी बारिश होने की संभावना है। आपदा प्रबंधन विभाग ने नदियों के जल स्तर को बढ़ता देख तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की चेतावनी है।



मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है, यह 24 घंटे में और अधिक प्रबल होने की संभावना है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उड़ीसा की तरफ जाने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, दतिया, सीधी, झारसुगुड़ा, पुरी, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः रायपुर संभाग और दुर्ग संभाग की जिले संभावित है।

# गणेश विसर्जन की झांकी के दौरान दर्दनाक हादसा

## मुख्यमंत्री ने जताया दुःख

**रायपुर, 03 सितम्बर।** जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड के जुरुडांड में गणेश विसर्जन की झांकी के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मृत्यु एवं कई अन्य लोगों के घायल होने की घटना पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हृदयविदारक घटना से मैं व्यथित हूं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार मृतकों के परिजनों एवं घायलों के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन को घायलों की समुचित चिकित्सा व्यवस्था एवं आवश्यक मदद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी घायल को इलाज में कोई कमी न हो और सभी को तुरंत उचित उपचार उपलब्ध कराया जाए।

राज्य सरकार ने इस हादसे में दिवंगत तीनों व्यक्तियों के परिजनों को पाँच-पाँच लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं घायलों को पचास-पचास हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखे और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करे।

### श्री राम लला दर्शन योजना

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने भारत गौरव स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ मुख्य नगर संवाददाता

**राजनांदगांव, 3 सितंबर।** रेल्वे स्टेशन तीर्थयात्रियों के द्वारा प्रभु श्री राम के लिए लगाये जा रहे जयकारे से गुंजायमान रहा। तीर्थयात्रियों के परिजनों और मित्रों ने इस पुण्य अवसर का साक्षी बन उन्हें सुखद यात्रा की शुभकामनाएँ दी। ट्रेन रवाना होने के पूर्व तीर्थयात्रियों का स्वागत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकनृत्यों एवं लोकवाद्यों से किया गया। आईआरसीटीसी के प्रतिनिधियों द्वारा सभी तीर्थयात्रियों का तिलक लगाकर अभिन्दन किया गया। राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से तीर्थयात्रियों को लेने के बाद ट्रेन दुर्ग रेल्वे स्टेशन से शेष तीर्थयात्रियों को



लेकर रवाना हुई। राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत और अयोध्या धाम रवाना करने के लिए माननीय पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल जी के साथ राजनांदगांव के माननीय सांसद श्री संतोष पांडे जी, महापौर श्री मधुसूदन यादव जी, श्री खूबचंद पारेख जी,श्री संतोष अग्रवाल जी सहित राजनांदगांव कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे जी, राजनांदगांव एसपी श्री मोहित गर्ग जी, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के महाप्रबंधक वेदव्रत सिरमौर जी, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा जी,आईआरसीटीसी के अधिकारी , भारतीय जनता पार्टी के अधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से तीर्थयात्रियों को लेने के बाद भारत गौरव ट्रेन दुर्ग स्टेशन पर रुकी. दुर्ग स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत और अयोध्या धाम रवाना करने के लिए माननीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल जी, माननीय स्कूल शिक्षा एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गजेंद्र यादव जी,विधायक अहिवारा श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा जी,महापौर दुर्ग श्रीमती अल्का बाघमारे जी, कलेक्टर दुर्ग श्री अभिजीत सिंह जी, दुर्ग एसपी श्री विजय अग्रवाल जी मौजूद थे।

### सतबहिनी डैम हादसा : 4 मृत, 3 घायल और 3 लापता

# मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने दिए निर्देश

**रायपुर, 03 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर जिले के ग्राम धनेशपुर स्थित लुत्ती (सतबहिनी) डैम टूटने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में 4 लोगों की मृत्यु, 3 लोगों के घायल होने तथा 3 लोगों के लापता होने की सूचना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत दुखद और पीड़ादायी घटना है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूँ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी वर्षा के कारण उत्पन्न इस प्राकृतिक आपदा से जनहानि के साथ-साथ भवनों को क्षति पहुँची है, फसलों का नुकसान हुआ है और पशुहानि भी हुई है। यह स्थिति प्रभावित परिवारों के लिए बेहद कठिन और दुखदायी है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ी है।

उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्यों के लिए जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफऔर स्थानीय टीमें पूरी तत्परता से जुटी हुई हैं। घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था कराई गई है तथा लापता लोगों की खोज के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि घटना में हुई जनहानि के लिए शासकीय नियमों के अनुरूप अनुग्रह सहायता स्वीकृति का प्रस्ताव शीघ्र तैयार किया जाए। प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रय, खाद्यान्न और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मकान, फसल और पशुहानि का विस्तृत सर्वे कर शीघ्र राहत सुनिश्चित की जाए।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26